उज्जैन
रविवार
21
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-228
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



कॉम्प्रोमाइज के लिए ऑफर हुए थे 1 लाख, पीके एक्ट्रेस मानवी बोलीं- ये नॉन-नेपोकिड के साथ होता रहता है, इन एक्ट्रेसेस ने भी झेला कास्टिंग काउच

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सोमवार तक इस्तीफा दे सकते हैं



**ब्रिटेन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के जल्द इस्तीफा देने की अटकलें तेज हो गई हैं। ब्रिटेन के अखबार द ऑब्जर्वर की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वह सोमवार तक इस्तीफे का ऐलान कर सकते हैं या पद छोड़ने का रोडमैप बता सकते हैं। हालांकि सरकार ने इन खबरों को खारिज किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि, स्टार्मर की पार्टी लेबर पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद उनसे इस्तीफा देने या पद छोड़ने की मांग कर चुके हैं। न्यूज एजेंसी अठकमुताबिक, हाल के महीनों में स्टार्मर पर पार्टी के अंदर से दबाव बढ़ा है। यह दबाव तब और बढ़ गया, जब लेबर पार्टी के नेता एंडी बर्नहम ने एक संसदीय सीट जीत ली। उन्हें स्टार्मर के संभावित उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा है।

## भारत बोला- पाक राष्ट्रपति का बयान नफरत फैलाने वाला, हमारे मामलों में दखल न दें

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के भारत की मस्जिद को लेकर दिए भड़काऊ बयान पर भारत ने रिएक्शन दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों पर कमेंट करने का कोई अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय की तरफ से शनिवार को जारी प्रेस रिलीज में कहा गया कि मानवाधिकारों के मामले में पाकिस्तान का अपना रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है, जिस पर दुनिया भर में चर्चा होती है। ऐसे में पाकिस्तान की तरफ से ऐसी बयानबाजी बेतुकी लगती हैं। अलग-अलग धर्मों के अल्पसंख्यकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाने और उनका उत्पीड़न करने का पाकिस्तान का लंबा इतिहास जगजाहिर है।

## ट्रम्प बोले- अमेरिका होर्मुज में टोल लगा सकता है



**तेल अवीव।** ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर ईरान के साथ 60 दिनों में कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका भविष्य में होर्मुज स्ट्रेट में टोल लगाने पर विचार कर सकता है। यह शुल्क मिडिल-ईस्ट में सुरक्षा पर हुए अमेरिकी खर्च की भरपाई के लिए होगा। हालांकि उन्होंने साफ किया कि सीजफायर के दौरान अगले 60 दिनों तक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर कोई टोल नहीं लगाया जाएगा। 60 दिन खत्म होने के बाद भी टोल नहीं लगाया जाएगा, जब तक यह अमेरिका की तरफ से नहीं लगाया गया होता।

## दिल्ली- ट्रेन में चढ़ने को लेकर यात्री की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर शनिवार सुबह योगा एक्सप्रेस की जनरल बोगी में चढ़ने को लेकर झड़प हो गई। सीट और चढ़ने की जल्दी में शुरू हुआ विवाद कुछ ही मिनटों में जानलेवा हमला बन गया। आरोप है कि यात्रियों के एक ग्रुप ने 32 साल के पंकज धामा को घेरकर लात-घूंसों से पीटा। पंकज प्लेटफॉर्म पर गिरकर अचेत हो गया। उसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हमले के वीडियो में कुछ युवक पंकज को पीटते और फिर ट्रेन में चढ़ते दिख रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज किया है। पंकज धामा यूपी के बागपत का रहने वाला था। वह दिल्ली मेट्रो में सिक्योरिटी गार्ड था। घटना के समय वह ड्यूटी खत्म कर ट्रेन से घर लौट रहा था। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं।

## अकाल तख्त और पंजाब सरकार के बीच बढ़ा टकराव



**चंडीगढ़।** पंजाब की राजनीति और सिख धार्मिक संस्थाओं के बीच चल रहे विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। अकाल तख्त और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच जारी टकराव उस समय और तेज हो गया जब अकाल तख्त की ओर से एक बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग सार्वजनिक की गई। इस रिकॉर्डिंग के सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है। दोनों पक्ष इस रिकॉर्डिंग को अपने-अपने दावों के समर्थन में पेश कर रहे हैं, जिससे मामला अब धार्मिक, राजनीतिक और कानूनी बहस का विषय बन गया है।

## बच्चा चोर की अफवाह पर महिला सामाजिक कार्यकर्ता को भीड़ ने घेरा और बेरहमी से पीटा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के रायगड़ा जिले से मानवता को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां बच्चा चोरी की अफवाह ने कानून और संवेदनशीलता दोनों को शर्मसार कर दिया। एक गैर सरकारी संगठन में कार्यरत महिला और उसके सहयोगी को केवल इसलिए भीड़ के गुस्से का शिकार बनना पड़ा क्योंकि उन्होंने रास्ता पूछने के दौरान कुछ बच्चों को बिस्कुट बांट दिए थे। देखते ही देखते गांव में बच्चा चोर होने की अफवाह फैल गई और उग्र भीड़ ने दोनों को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। महिला के साथ कथित रूप से अमानवीय व्यवहार किया गया और उसके कपड़े तक फाड़ दिए गए।



### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंदौर में हुआ भव्य सामूहिक योग

# रच दिया इंदौर में विश्व कीर्तिमान

### केंद्रीय राज्यमंत्री उईके, मंत्री विजयवर्गीय, सांसद लालवानी, संभागायुक्त डॉ खाड़े, कलेक्टर श्री वर्मा ने किया सामूहिक योग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्यविभाग दुर्गादास उईके ने कहा कि योग केवल व्यायाम तक सीमित नहीं होकर हमें आध्यात्मिक और अनुशासित रूप से समृद्ध बनाता है। योग का उल्लेख वेदों और उपनिषदों में भी है। आत्मा से परमात्मा को जोड़ने का माध्यम योग है। महर्षि पतंजलि ने योग को वैश्विक रूप प्रदान किया है। योग मन को नियंत्रण करने का माध्यम है। योग जीवन जीने की सरल पद्धति है और यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से संतुलित रूप प्रदान करता है। उईके आज 12वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंदौर के बॉस्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम स्वस्थ्य आयु के लिए योग में अपना मुख्य संबोधन दे रहे थे।



इस मौके पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगमायुक्तॉ क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी, योगाचार्य सहित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोलकत्ता में आयोजित योग कार्यक्रम में संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। जिसे उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के चलते संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में वैश्विक मान्यता दी है। यह प्रस्ताव मात्र 75 दिनों में पारित हो गया। जो भारत की एक बड़ी उपलब्धि है। आज संपूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है।

### स्वस्थ्य जीवन के लिए योग जरूरी

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इसे गंभीरता से लिया है और इसे एक वैश्विक चिंता माना है। ऐसे कठिन दौर में योग करना अधिक आवश्यक बन जाता है। स्वस्थ्य जीवन के लिए योग जरूरी है। उन्होंने योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री उईके, मंत्री विजयवर्गीय, सांसद लालवानी, संभागायुक्त डॉ. खाड़े, कलेक्टर वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन ने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक योग कर स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।

## कोलकाता में मोदी बोले-70 की उम्र में 50 जैसा दिखें

बोट और स्विमिंग पूल में आसन, जवानों ने 14 हजार फीट पर अभ्यास किया





ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

पीएम मोदी रविवार को कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा- हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊजार्वान और 70 की उम्र में 50 साल से ज्यादा स्वस्थ रहना होना चाहिए।

पीएम ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो लोगों, देशों और संस्कृतियों को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 21 जून, जो पृथ्वी का सबसे लंबा दिन माना जाता है, अब पूरी दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक 'रेड रोड' पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम यानी बढ़ती उम्र के लिए योग है।



इस थीम का मकसद यह बताना है कि योग सिर्फ फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर, मन और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का भी तरीका है। इस दौरान योग के कई रंग देखने को मिले। जवानों ने पहाड़ों पर, बच्चों ने स्विमिंग पूल योग किया। बंगाल के जलदापाड़ा वाइल्डलाइफ वन विभाग कर्मचारियों ने हाथियों पर योग किया। योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता के रेड रोड में हुआ। पीएम मोदी ने हजारों लोगों के साथ योग किया। इस दौरान मोदी ने घूम-घूमकर योग सिखाते भी दिखे।

### नीट एग्जाम आज : मध्यप्रदेश में कड़े सुरक्षा इंतजाम

# केंद्रों पर सख्त निगरानी और जांच

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मेडिकल में प्रवेश के लिए देश की सबसे बड़ी री परीक्षा नीट-यूजी 2026 परीक्षा को लेकर मध्यप्रदेश में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। भोपाल में 32 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है, जबकि नर्मदापुरम में सीआईएसएफ की निगरानी में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है।

देवास में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा सामग्री केंद्रों तक पहुंचाई गई। इस बीच कई अभ्यर्थियों को अंतिम समय में परीक्षा केंद्र बदलने जैसी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। झाबुआ से इंदौर पहुंचीं एक छात्रा ने परीक्षा रद्द होने के बाद दोबारा तैयारी करने की चुनौती बताई। परीक्षा शुरू होने से पहले प्रदेशभर के केंद्रों पर विद्यार्थियों की आवाजाही और सुरक्षा व्यवस्थाएं तेज रहीं।

परीक्षा को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और जिला प्रशासन ने सख्त गाइडलाइन लागू की है। किसी भी अभ्यर्थी को मोबाइल, ब्लूटूथ, ईयरफोन, स्मार्ट वॉच जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं है।



- **रेलवे स्टेशनों पर हेल्प बूथ-** री-नीट देने आने वाले छात्रों की सुविधा के लिए भोपाल, विदिशा, नर्मदापुरम (होशंगाबाद), गुना और अशोकनगर रेलवे स्टेशनों पर विशेष हेल्प बूथ बनाए गए हैं। यहां छात्रों को परीक्षा केंद्रों के पते, वहां तक पहुंचने के मार्ग, ऑटो-बस जैसी परिवहन सुविधाओं और अन्य आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।
- **मेडिकल छात्रों की छुट्टियां कैंसिल-** नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने सभी मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों को 20 और 21 जून को छात्रों को छुट्टियां कैंसिल कर दी है। एनटीए ने री-नीट के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है।

### जीपीएस ट्रैकिंग, बायोमेट्रिक सत्यापन और सीसीटीवी निगरानी

री-नीट परीक्षा के लिए एनटीए ने विशेष सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया है। परीक्षा सामग्री ले जाने वाले वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग होगी और सीआरपीएफ एस्कॉर्ट रहेगा। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन, अतिरिक्त बायोमेट्रिक मशीनें और अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया गया है। परीक्षार्थियों को केवल पारदर्शी पानी की बोतल ले जाने की अनुमति होगी।

### धार्मिक या पारंपरिक पोशाक में आने वाले पहले पहुंचे

एनटीए ने अभ्यर्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी है। विशेष रूप से पारंपरिक या धार्मिक पोशाक पहनकर आने वाले छात्रों को अतिरिक्त जांच प्रक्रिया के कारण पहले पहुंचने को कहा गया है।

### भविष्य निधि के अंतिम भुगतान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने होंगे

# डीपीएफ का भुगतान ऑनलाइन हो सकेगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही अब उज्जैन जिले के भी सरकारी कर्मचारियों को अब विभागीय भविष्य निधि के अंतिम भुगतान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। वित्त विभाग ने इसके लिए ऑनलाइन प्रक्रिया तक कर दी है। एक जुलाई से ई-विभागीय भविष्य निधि (डीपीएफ) प्रणाली शुरू की जा रही है। यह प्रक्रिया कोषालयीन कम्प्यूटर प्रणाली के माध्यम से संचालित होगी। इसके साथ कर्मचारियों के डीपीएफ के अंतिम भुगतान की स्वीकृति देने की शक्तियां संचालक पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा को सौंपी गई हैं।

अभी अंतिम भुगतान कार्रवाई विभागीय अधिकारी करते थे। कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के 4 माह पहले डीपीएफ की राशि और ब्याज का सत्यापन करना होगा। विसंगति पर शिकायत कर सकेंगे। फिर ट्रेजरी में अंतिम भुगतान आवेदन देंगे। डीडीओ को सेवानिवृत्ति से एक माह पहले इसे ऑनलाइन अग्रेषित करना होगा। विभिन्न चरणों से डिजिटली सत्यापन और पैसों का भुगतान होगा। इस नई डिजिटल व्यवस्था में कर्मचारियों यानी अभिदाताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।




- मध्य प्रदेश शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि 1 जुलाई 2026 के बाद विभागीय भविष्य निधि जमा शेष के लिए केवल ऑनलाइन प्राधिकार पत्र ही मान्य होंगे। इस तिथि के बाद मैन्युअल प्रक्रिया को समाप्त कर दिया जाएगा। ई-प्राधिकार पत्र जारी होने के दिनांक से 06 माह की अवधि के लिए ही वैध रहेगा। यदि किन्हीं अपरिहार्य परिस्थितियों में इस अवधि में भुगतान संभव न हो, तो सकारण प्रस्ताव प्रस्तुत कर नवीन प्राधिकार पत्र प्राप्त करना होगा।
- शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि 1 जुलाई 2026 के उपरांत किसी भी प्रकार का संशोधन केवल प्रमाणित साक्ष्यों और विभागाध्यक्ष की अनुशंसा पर ही किया जा सकेगा। यह क्रांतिकारी बदलाव मध्य प्रदेश सामान्य भविष्य निधि भुगतान की प्रक्रिया को पूरी तरह पेपरलेस और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## मप्र-राजस्थान समेत 20 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर/भोपाल

यूपी-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर अटका मानसून 23 जून को आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून को आगे बढ़ाने वाले सिस्टम एक्टिव हो गए हैं।

मानसून 15 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून से तेलंगाना के भद्राचलम में अटका हुआ है। वहीं, यूपी-बिहार बॉर्डर तक पहुंचने के बाद मानसून 9 दिनों से महराजगंज के पास ठहरा हुआ है। देश के ज्यादातर हिस्सों में प्री-मानसून ऐक्टिव है। मौसम विभाग ने आज 20 से ज्यादा राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। मानसून जिन राज्यों को कवर कर चुका है, वहां भारी बारिश जारी है। सिक्किम के 6 जिलों और हिमालय की तराई में बसे बंगाल के 5 जिलों में रविवार का भारी बारिश हो सकती है। इधर 8 राज्यों में तापमान 40 डिग्री के पार है। उत्तर प्रदेश का बांदा एक बार फिर देश में सबसे गर्म रहा।

# पाकिस्तान में दो बम धमाके, 7 लोगों की मौत

### रिमोट कंट्रोल से गाड़ियों को निशाना बनाया, अबतक किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली

ब्रह्मास्त्र ›› बन्नू

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी बन्नू जिले में शनिवार को सड़क किनारे हुए दो बम धमाकों में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

पुलिस के मुताबिक, पहला धमाका वजीर उपखंड के फांग मूसा खेल इलाके में हुआ। इसमें एक यात्री गाड़ी को निशाना बनाया गया। गाड़ी डोमेल की ओर जा रही थी, तभी रिमोट कंट्रोल से धमाका किया गया। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए।



पहले धमाके के घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी कुछ देर बाद दूसरा धमाका हुआ। यह विस्फोट पहले हमले की जगह से करीब एक किलोमीटर दूर हुआ। इसमें 2 और लोगों की मौत हो गई और एक गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बयान जारी कर इन हमलों को कायरतापूर्ण आतंकी कार्रवाई बताया। पुलिस के अनुसार, दोनों गाड़ियों को रिमोट कंट्रोल से किए गए धमाकों में निशाना बनाया गया। राहत और बचाव टीमों ने मृतकों के शव और घायलों को डोमेल ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र और खलीफा गुल नवाज टीचिंग अस्पताल पहुंचाया। बाद में सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया।

### पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने आतंकियों को चेतावनी दी

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमले की कड़ी निंदा की और नागरिकों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## खबर एक नजर...

### मंगेशी मंदिर को अवॉर्ड मिलने पर सारस्वत ब्राह्मण समाज में हर्ष

**उज्जैन।** गोवा के प्रसिद्ध श्री मंगेशी मंदिर को इंडिया टुडे ग्रुप द्वारा सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के अवॉर्ड से नवाजा गया है। इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर उज्जैन सारस्वत ब्राह्मण समाज में हर्ष का माहौल है। उज्जैन सारस्वत ब्राह्मण समाज न्यास के ट्रस्टी और उपाध्यक्ष मिलिंद पन्हालकर ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे समाज और संस्कृति के लिए गौरव की बात बताया है। इंडिया टुडे ग्रुप द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान इन दोनों विशिष्ट अतिथियों के हाथों गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन कोंटे ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण किया।

इस गौरवमयी अवसर पर न्यास ने केंद्र सरकार के समक्ष एक महत्वपूर्ण मांग भी रखी है। पन्हालकर ने बताया कि आगामी सिंहस्थ से पहले उज्जैन जंक्शन से मडगांव जंक्शन तक एक स्थाई ट्रेन चलाई जानी चाहिए। इसकी मांग केंद्र सरकार से की गई है ताकि दोनों प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों के बीच श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम हो सके। मंदिर को मिले इस सम्मान पर कुंदा पन्हालकर, साक्षी केकरे, शरद केकरे, डॉ. केदार पेडणेकर, समीर किल्लेदार, मंजुला वाघले, रविशा केकरे, भूषण केकरे, प्रणव केकरे, रोहिणी कवठेकर, ज्योति कवठेकर, शोभित वेंगुर्लेकर, श्रीराम वेंगुर्लेकर, अलका केकरे, मंदाकिनी केकरे और किरण केकरे ने हर्ष व्यक्त किया है।

### डॉ. प्रमोद मालवीय अजाक्स उच्च शिक्षा के प्रांतीय विभागीय अध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** अजाक्स उच्च शिक्षा विभाग के प्रांतीय विभागीय अध्यक्ष पद पर डॉ. प्रमोद कुमार मालवीय को नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर उज्जैन अजाक्स कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अजाक्स पदाधिकारियों, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकताओं ने इस उपलब्धि को उज्जैन के लिए गौरव बताया है। समारोह में डॉ. मालवीय ने अपनी नियुक्ति के लिए अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा आईएएस, प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष इंजी. एसएल सूर्यवंशी और संरक्षक व पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष जेएन कांसोटिया के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रांतीय महासचिव महेश विरोलिया ने डॉ. मालवीय को बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभव, समर्पण और नेतृत्व क्षमता से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। अजाक्स के उज्जैन जिलाध्यक्ष डॉ. आरएल परमार ने नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए प्रांतीय नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन उच्च शिक्षा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले ने किया। उन्होंने बताया कि डॉ. मालवीय लंबे समय से शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं। उनके अनुभव व कार्यशैली से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक पहलों को गति मिलेगी।

### उज्जैन व बड़नगर में पहुंचेंगे प्रशिक्षित प्रशिक्षक, किया पूर्वाभ्यास

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को रूपांतरण सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था शहर और ग्रामीण अंचल के 12 स्थानों पर एक ही समय में सामूहिक योगाभ्यास कराएगी। इसके लिए संस्था ने अपने प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों को केंद्र आवंटित कर दिए हैं। मुख्य आयोजन से पूर्व शनिवार को भाजपा के शहीद राजा भाऊ महाकाल मंडल के महामंत्री मुकेश पोरवाल एवं 20 अन्य पदाधिकारियों ने रूपांतरण संस्था के सदस्यों के साथ योगाभ्यास कर तैयारियां परखीं। संस्था द्वारा उज्जैन शहर में रूपांतरण योग केंद्र, बैंक ऑफ इंडिया, जीएसटी कार्यालय, डाक विभाग देवासगेट, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र मक्सी रोड, वाल्मीकि धाम पिपलीनाका और सेठी नगर स्थित भाजपा कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर योग कराया जाएगा।

# विश्व संगीत दिवस पर हारमोनियम बीट्स का आयोजन, आज प्रभारी मंत्री करेंगे कलाकारों का सम्मान

## 12 घंटे चला संगीत का महाकुंभ 400 कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां






ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व संगीत दिवस के अवसर पर शनिवार को कालिदास अकादमी में संगीत के महाकुंभ का आगाज हुआ। हारमोनियम बीट्स संस्था द्वारा आयोजित इस संगीत समारोह के पहले दिन 30 संस्थाओं के 400 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक चले इस आयोजन में शास्त्रीय, अर्ध शास्त्रीय, वायलिन, सारंगी, तबला, बांसुरी, हारमोनियम और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अर्जी वाले हनुमान मंदिर एवं पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज, उद्योगपति संजय अग्रवाल, वरिष्ठ नृत्य गुरु पद्मजा रघुवंशी, वरिष्ठ नृत्य गुरु पल्लवी किशन, जिला अस्पताल चरक भवन की डायरेक्टर हिमांगी चौहान, संयुक्त ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष रेखा भार्गव, भाजपा महिला मोर्चा की प्रीति धानक, अजय शंकर तिवारी, आशुतोष शास्त्री और निरंजन सरसरिया ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात संस्था की अध्यक्ष प्रीति दीक्षित, कोषाध्यक्ष इंजीनियर मुकेश शिंदे और सचिव जयेंद्र रावल ने अतिथियों व कलाकारों का सम्मान किया।

### 14 माह की रुद्राक्षी बनी 'नन्ही योगिनी', सुबह उठते ही कर रही योग के कठिन आसन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर की मात्र 14 महीने 5 दिन की नन्ही बालिका रुद्राक्षी पेड़वा ने इतनी छोटी सी उम्र में योग की क्रियाएं कर अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया है। जिस उम्र में बच्चे ठीक से चलना और बोलना सीखते हैं, उस उम्र में रुद्राक्षी रोज सुबह सोकर उठने के बाद पूरी एकाग्रता के साथ योग के विभिन्न आसन और मुद्राएं करती है। रुद्राक्षी, शहर निवासी नरेन्द्र कुमार पेड़वा की पोती और डॉ. गौरव पेड़वा की बेटी है। परिजनों के अनुसार, रुद्राक्षी पर योग के लिए कभी कोई दबाव नहीं बनाया गया। वह घर के बड़े सदस्यों को योग करते देखती थी और धीरे-धीरे उसने खुद भी नकल करते हुए सुबह उठकर इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया। वह बड़ों की तरह ही शरीर को योग की कठिन मुद्राओं में ढालने का प्रयास करती है। रुद्राक्षी की इस नैसर्गिक प्रतिभा और लचीलेपन को देखकर परिवार के लोग उसे 'नन्ही योगिनी' कहकर बुला रहे हैं। इतनी छोटी उम्र में योग के प्रति यह आकर्षण शारीरिक और मानसिक विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

### कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जिला स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सीबीएसई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) भोपाल के तत्वावधान में अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में ह्लकम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसह्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की लीड स्कूल के रूप में मेजबानी करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में डॉ. कुलदीप कौर जुनेजा, हेमांगी पाराशर एवं जूही चव्हान उपस्थित थीं। तीनों निर्णायकों ने कार्यशाला के दौरान कम्प्यूटेशनल थिंकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा उनके शैक्षणिक उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभागियों के विचारों को सुना एवं समझा। प्रतिभागियों ने गतिविधि-आधारित शिक्षण के माध्यम से बताया कि किस प्रकार विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता, रचनात्मकता, नवाचार एवं डिजिटल साक्षरता का विकास किया जा सकता है। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों ने विभिन्न समूह गतिविधियों, चचाओं एवं व्यावहारिक सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों ने शिक्षकों को भविष्य की शिक्षा प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका, नैतिक उपयोग तथा कक्षा शिक्षण में इसके समावेशन के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को भविष्य उन्मुख शिक्षण पद्धतियों से सशक्त बनाना था, जिससे वे विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार कर सकें।

# रामघाट पर मां शिप्रा तैराक दल के बच्चों ने पानी में बनाए पिरामिड और की ब्रीदिंग एक्सरसाइज

## शिप्रा की लहरों पर नन्हे तैराकों ने किया जल योग



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को रामघाट स्थित शिप्रा नदी में नन्हे तैराकों ने जल योग किया। मां शिप्रा तैराक दल के मार्गदर्शन में तैराकी सीख रहे बच्चों ने शिप्रा की लहरों पर उत्कृष्ट संतुलन बनाकर जल योग की अनोखी प्रस्तुतियां दीं। संस्था के सचिव व कोच संतोष सोलंकी और महिला प्रशिक्षक सपना माली ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले कई सालों से योग दिवस पर नियमित रूप से जल योग किया जा रहा है। हर साल कुछ नया करने के उद्देश्य से इस वर्ष नन्हे तैराकों ने पानी में योग पिरामिड, अनुलोम-विलोम और ब्रीदिंग एक्सरसाइज करने के साथ ही नदी में कई आकर्षक आकृतियां बनाईं।

इस अवसर पर संस्था के कोच संतोष सोलंकी के निर्देशन में सपना माली, वैष्णवी बारोड़, खुशी कहार, भारती कहार, राघव बारोड़, युग बारोड़, भोला कहार, याग्निक धकिते, वेदांश कोठार, अविनाश शर्मा और मुस्कान कहार आदि ने शिप्रा नदी में जल योग किया। आयोजन की जानकारी महिला प्रशिक्षक सपना माली ने दी।

### महाकाल को जयपुर के भक्त ने अर्पित किया 1 किलो 300 ग्राम चांदी का कलात्मक छत्र

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा रखते हुए जयपुर के सन सिटी नीदड़ निवासी भागचंद बलेसरा ने बाबा महाकाल को 1 किलो 300 ग्राम चांदी से निर्मित अत्यंत सुंदर और कलात्मक छत्र अर्पित किया। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारियों ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर यह दिव्य छत्र बाबा महाकाल के मुख मंडल पर धारण कराया। भक्त भागचंद बलेसरा ने अपनी धर्मपत्नी सीता देवी, पुत्र गोविंद बलेसरा व सीताराम बलेसरा, पुत्री ममता, सुमन, अनिता और पौत्र महावीर बलेसरा के साथ यह भेंट समर्पित की। छत्र अर्पण के दौरान अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा कालवानिया, उज्जैन हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वरुण शर्मा, उज्जैन युवा मंच के अध्यक्ष विवेक शर्मा और महाकाल मंदिर समिति के पीआरओ आशीष पलवाड़िया उपस्थित थे। इनके साथ ही जयपुर राजस्थान से आए परिजन राजकुमार बलेसरा, रमेश बंदावला, गोपाल बापलावत, जगदीश कोठोत्या, जयप्रकाश बिवाल और घनश्याम गगोरिया भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## 200 साधकों ने किया सामूहिक योग, लिया स्वस्थ राष्ट्र निर्माण का संकल्प

# 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' विषय पर हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पार्श्वनाथ सिटी मंदिर प्रांगण में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' विषय पर आधारित इस आयोजन में लगभग 200 योग साधकों और कॉलोनीवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम पतंजलि योग परिवार, इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन उज्जैन और रघुप्रेम सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दत्त अखाड़े के बटुकों के मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्वलन व सरस्वती पूजन के साथ हुआ। श्रुति पैठणें, सुषमा यादव, श्रीकांत पैठणें और मनीषा ठाकुर ने दीप प्रज्वलित किया। राधिका ने तिलक लगाकर सभी योग साधकों का स्वागत किया।

योगाचार्य सुषमा यादव के नेतृत्व में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन और ध्यान कराया गया। इस आयोजन में पतंजलि योग परिवार के पांचों संगठनों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही महाकाल योग समूह, पुष्कर राज, शोभा, मुकेश सोनगरा, समीक्षा व्यास और पार्श्वनाथ सिटी परिवार की अहम भागीदारी रही।

# छात्रों ने सीखे निरोगी रहने के गुर आरोग्य भारती ने मनाया विश्व योग सप्ताह

## विद्यार्थियों को दिया प्राणायाम व आसनों का प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन, प्राण और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक दिव्य साधना है। इसी उद्देश्य के साथ आरोग्य भारती मालवा प्रांत की उज्जैन महानगर एवं ग्रामीण टोली द्वारा शनिवार को विश्व योग सप्ताह मनाया गया। इसके तहत गो ग्रीन हायर सेकेंडरी स्कूल चिंतामन जवासिया और घटिया तहसील में योग शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग शिक्षक अनुराग आचार्य ने स्कूल के विद्यार्थियों को प्राणायाम और विभिन्न आसनों का विशेष प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को नियमित योग के फायदे बताते हुए जानकारी दी गई कि इससे शरीर का लचीलापन और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग रक्त संचार सुधारने के साथ ही मानसिक जागरूकता भी बढ़ाता है। एक संपूर्ण योग में आसन, प्राणायाम और ध्यान तीनों का समावेश होता है।

शिविर में गो ग्रीन स्कूल के प्राचार्य गिरीश टेकने एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम में आरोग्य भारती उज्जैन महानगर के संरक्षक ओपी पालीवाल, महानगर जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार, सचिव मनीष अग्रवाल, नरेंद्र गोमे, मिथिलेश शर्मा, रमाकांत मिश्रा, महेश धनेलिया, दीपक जोशी और राजेंद्र बारूपाल ने सहभागिता की। आयोजन की जानकारी आरोग्य भारती ग्रामीण जिला अध्यक्ष एसपी अहिरवार ने दी।

## कीमो और रेडिएशन से निराश भोपाल की कैंसर पीड़ित को आयुर्वेद से जगी उम्मीद

# जायसवाल धर्मशाला में पांच दिवसीय नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर शुरू जबलपुर के वैद्य कर रहे उपचार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



कीमोथेरेपी और रेडिएशन के बाद भी जब कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से राहत नहीं मिली तो मरीज आयुर्वेद की शरण में पहुंच रहे हैं। क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में शनिवार से पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर शुरू हुआ। शिविर के पहले ही दिन भोपाल से आई गर्भाशय कैंसर से पीड़ित पुष्पा कुशवाह इलाज के लिए पहुंचीं जिन्हें आयुर्वेदिक उपचार से पूर्ण राहत मिलने का आश्वासन मिला है।

पुष्पा कुशवाह के पति विजय सिंह कुशवाह और बेटे ने बताया कि उन्हें वर्ष 2020 में कैंसर की पुष्टि हुई थी। उस दौरान उनके 6 कीमोथेरेपी और 28 रेडिएशन हुए थे। इसके बावजूद पिछले दीपावली से उनकी तकलीफ दस गुना बढ़ गई है। उन्हें यूरिन में जलन और घाव जैसी गंभीर समस्या हो गई है। एलोपैथी से आराम न मिलने पर वे भोपाल से उज्जैन आए। यहां जबलपुर के प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने जांच कर उन्हें एक सप्ताह के भीतर पूर्ण समाधान मिलने का आश्वासन दिया है।

**25 वर्षों से कर रहे असाध्य रोगों का उपचार**

मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर वैद्य जायसवाल पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 20 से 24 जून तक चलने वाला यह शिविर मुख्य रूप से उन मरीजों के लिए है जो पुराने और असाध्य रोगों से लंबे समय से परेशान हैं और जिन्हें कहीं और लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिविर में बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने की विशेष सुविधा भी उपलब्ध है।

**इन गंभीर बीमारियों का हो रहा इलाज**

शिविर में कैंसर के साथ ही लीवर, किडनी, पथरी, बवासीर, भगंदर, दमा, थायराइड, मिर्गी, माइग्रेन, साइटिका, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया वात, चर्म रोग, सफेद दाग, मोटापा, गुप्त रोग और निःसंतानता का इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं और बच्चों की स्मरण शक्ति व आंखों की रोशनी बढ़ाने की विशेष दवाएं भी दी जा रही हैं।

**सुबह 9 से रात 9 बजे तक मिलेगी सेवा**

यह शिविर उज्जैन में नियमित रूप से हर महीने की 20 से 24 तारीख तक लगाया जाता है। मरीज अपनी जांच और परामर्श के लिए सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक शिविर स्थल पर पहुंच सकते हैं। दूर-दराज के मरीजों के

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अखिल भारतीय बालिका शिक्षा कार्यशाला का समापन आज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजनानुसार सम्राट विक्रमादित्य भवन, उज्जैन में अखिल भारतीय बालिका शिक्षा कार्यशाला का आयोजन दिनांक 19 से 21 जून, 2026ह्ल तक किया जा रहा है आयोजित अखिल भारतीय बालिका शिक्षा कार्यशाला का समापन आज दिनांक 21 जून 2026 को प्रातः 11:00 बजे होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती के उपाध्यक्ष एवं बालिका शिक्षा के अखिल भारतीय प्रभारी श्री अवनीश भटनागर उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय बालिका शिक्षा संयोजिका सुश्री रेखा चुडासमा, मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री श्री अखिलेश मिश्रा, मालवा प्रांत संगठन मंत्री श्री योगेश शर्मा, क्षेत्रीय सह मंत्री डॉ. हिना नीमा, प्रांत सह सचिव श्री अनुराग जैन एवं प्रांत प्रमुख श्री पंकज पवार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्यशाला में देशभर से आई लगभग 150 महिला प्रतिभागी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 6:30 से 7:30 बजे तक सम्राट विक्रमादित्य भवन परिसर में सामूहिक योग करेंगी। योग कार्यक्रम योग प्रशिक्षक सुश्री सुषमा यादव के मार्गदर्शन में तथा डॉ. डॉली गिरी गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हिना नीमा करेंगी। इस अवसर पर विद्या भारती के अखिल भारतीय बालिका शिक्षा प्रभारी श्री अवनीश भटनागर, संयोजिका सुश्री रेखा चुडासमा, सह संयोजिका श्रीमती पवित्रा दहाल, श्रीमती सुनीता पांडे सहित विभिन्न क्षेत्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

कार्यशाला के दूसरे दिन आयोजित ह्यह्यप्रेरणा सत्रह्लह्ल में मुख्य वक्ता श्री अवनीश भटनागर ने बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक ज्ञान, कौशल एवं भारतीय जीवन मूल्यों के समन्वय के साथ बालिकाओं को नेतृत्व के लिए तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने देशबोध, समाजबोध, संस्कृतिबोध एवं अध्यात्मबोध के साथ शत्रुबोध पर भी ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए समग्र दृष्टि विकसित करने पर बल दिया तथा युवाओं को नशे की प्रवृत्तियों से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। साथ ही पौष्टिक आहार के महत्व एवं फास्ट फूड के दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान में बढ़ रही दिखावटी जीवनशैली एवं वैभव प्रदर्शन की प्रवृत्ति से बचने तथा भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों के अनुरूप आचरण विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने अनावश्यक उपभोक्तावाद एवं अत्यधिक विपणन संस्कृति से सावधान रहने की भी सलाह दी। द्वितीय सत्र में विद्या भारती के अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष श्री जैनपाल जैन ने कौशल विकास और बालिका शिक्षा विषय पर मार्गदर्शन दिया।

उज्जैन
रविवार
21
जून, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

कश्चित् कस्यचिन्मित्रं, न कश्चित् कस्यचित् रिपुः।
अर्थतस्तु निबध्यन्ते, मित्राणि रिपवस्तथा॥

**अर्थः** न कोई किसी का मित्र है और न ही शत्रु, कार्यवश ही लोग मित्र और शत्रु बनते हैं।

## खबर एक नजर...

### वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन करेगा ब्लैकलिस्ट, जीतू पटवारी के वेयरहाउस सहित तीन को नोटिस

**इंदौर।** मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन ने शनिवार को इंदौर, धार, सांवेर सहित अन्य स्थानों के 10 वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के ह्यलक्ष्य वेयरहाउसह्ण के अलावा धार का एक सरकारी वेयरहाउस और सांवेर का एक निजी वेयरहाउस शामिल है। इन्हें ब्लैकलिस्ट करने का नोटिस जारी किया गया। कॉर्पोरेशन के चेयरमैन संजय नगाइच और टीम ने बताया कि जिन वेयरहाउस को नोटिस दिए गए हैं वहां क्षमता से अधिक गेहूं का भंडारण मिला है। वहां फायर सेफ्टी का भी कोई प्रबंध नहीं था और परिसर में गंदगी भी मिली है।

**वेयरहाउस में यह गड़बड़ियां मिलीं-** क्षमता से ज्यादा भंडारण था। फायर सेफ्टी का कोई प्रबंध नहीं था। एप्रोच रोड नहीं था। वेयरहाउस के अंदर और बाहरी परिसर में गंदगी मिली। ड्रेन लाइन नहीं थी।

### इंदौर में बैग व्यापारी से 5.50 लाख की ठगी

**इंदौर।** एक बैग व्यापारी के साथ साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने व्यापारी के क्रेडिट कार्डों से लाखों रुपए निकाल लिए। उन्हें इसकी जानकारी तब हुई, जब क्रेडिट कार्ड का बकाया जमा करने संबंधी मैसेज आया। इसके बाद व्यापारी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। सराफा पुलिस के मुताबिक, राममार्ग कुंजरा बाखल निवासी मुफद्दल पिता असगर अली के साथ यह घटना हुई। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे बैग का व्यवसाय करते हैं। उनके दोनों मोबाइल नंबर अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्डों से रजिस्टर्ड हैं। कुछ दिन पहले उनके पास एक क्रेडिट कार्ड का बिल जमा करने का मैसेज आया, जबकि उन्होंने उस कार्ड का इस्तेमाल ही नहीं किया था। इसके बाद उन्होंने कस्टमर केयर से संपर्क किया। जांच में पता चला कि 27 अप्रैल से 7 मई के बीच उनके क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 39 हजार रुपए मोबीक्विक ऐप के जरिए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। जब उन्होंने अपने अन्य क्रेडिट कार्डों की जानकारी निकाली तो उनसे भी ट्रांजेक्शन होने की बात सामने आई। इस तरह साइबर ठगों ने उनके मोबाइल नंबर हैक कर क्रेडिट कार्डों का दुरुपयोग करते हुए करीब 5 लाख 50 हजार रुपए निकाल लिए। मामले में व्यापारी ने शुक्रवार को केस दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है।

### अभिभाषक संघ चुनाव में बढ़ी हलचल, अध्यक्ष पद के लिए आठ दावेदार मैदान में

**इंदौर।** अभिभाषक संघ के चुनाव में अब महज चार दिन शेष हैं और इसके साथ ही चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी पदों के लिए कुल 53 अधिवक्ताओं ने नामांकन फॉर्म प्राप्त किए हैं। चुनाव के लिए 25 जून को मतदान होगा, जबकि उसी दिन शाम से मतगणना शुरू कर देर रात तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। नियमित न्यायालयीन कार्य शुरू होने के साथ ही प्रत्याशियों ने भी जनसंपर्क और समर्थन जुटाने की गतिविधियां तेज कर दी हैं। कोर्ट परिसर और सोशल मीडिया पर चुनावी चचाएं अब जोर पकड़ने लगी हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय मेहरा के अनुसार सभी नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गई है और किसी भी आवेदन में कोई त्रुटि नहीं पाई गई। अब 22 जून तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी, जिसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। इस बार अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला काफी दिलचस्प नजर आ रहा है। अध्यक्ष पद की दौड़ में राजेश खंडेलवाल, रवींद्र सिंह गौड़, राकेश पाल, गोपाल कचोलिया, श्रीराम भदौरिया, मनोज वर्मा, एल.एल. यादव सहित आठ प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं सचिव पद के लिए अमित पाठक, रोहित दांतरे, भूपेंद्र साहू, विशाल रामटेके और धर्मेंद्र गुर्जर के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद पर सात उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिससे इस पद पर भी कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

### पुरानी रंजिश में युवक की चाकू मारकर हत्या

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते शुक्रवार देर रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने युवक को घेरकर उस पर हमला किया और वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान विशाल उर्फ नानू वर्मा (26) पिता मुकेश वर्मा निवासी रफेली, भागीरथपुरा के रूप में हुई है। शनिवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। एसीपी रुबिना मिजवानी ने बताया कि घायल अवस्था में विशाल को अस्पताल पहुंचाया गया था। इलाज के दौरान उसने हमलावरों के बारे में पुलिस को जानकारी दी थी। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान शुरू की। शुरूआत जांच में सामने आया है कि विशाल और आरोपियों के बीच पहले से विवाद और पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने पहले उससे झगड़ा किया और फिर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार वारदात में शामिल आरोपियों की उम्र कम बताई जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। आरोपियों के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि उनके ठिकानों की जानकारी मिल सके। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटाना शुरू कर दिया है। वारदात की मुख्य वजह क्या थी, इसका खुलासा आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगा।

---

### इंदौर ने बनाया रिकॉर्ड : योग दिवस पर 70 संस्थाएं और 150 संगठन हुए शामिल

# 10 हजार साधकों ने 3 मिनट से ज्यादा किया भ्रामरी-प्राणायाम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को इंदौर के गोपुर चौराहे पर भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में योग साधक यहां पहुंचे और भ्रामरी प्राणायाम सहित विभिन्न योगासन कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

नगर निगम इंदौर द्वारा संचालित योगमित्र अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री दुर्गादास उइके, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित



**10 हजार से ज्यादा साधकों ने किया सामूहिक भ्रामरी प्राणायाम**

- कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 10 हजार से अधिक साधकों द्वारा सामूहिक भ्रामरी प्राणायाम कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने का प्रयास रहा। 3 मिनट से ज्यादा भ्रामरी प्राणायाम कर रिकॉर्ड बनाया गया। आयोजन में इंदौर की 70 से अधिक योग संस्थाओं, खेल संगठनों, 150 से अधिक सामाजिक संस्थाओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों के हजारों लोगों ने सहभागिता की।
- इस अवसर पर योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ योग गुरुओं, योग खिलाड़ियों और योग प्रचारकों को योग अलंकरण से सम्मानित किया गया। साथ ही योगमित्र अभियान की आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण भी किया गया।
- नई वेबसाइट के माध्यम से शहर की सभी योगमित्र योगशालाओं और योग गतिविधियों की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया।

अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही।

मुख्य आयोजन सुबह 6 बजे शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा योगासनों की भक्तिमय और आकर्षक प्रस्तुतियों से हुई। इसके बाद निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। योग सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक राकेश चौधरी एवं इंदौर की बेटी तथा मिसेज इंडिया-2023 चेतना जोशी ने किया।

---

### इंदौर में ई-रक्षक एप ने खोला राज, शातिर चोर गिरफ्तार

# चोरी की गई 14 बाइक बरामद

## नकली नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा था राजस्थान का चोर, चोरी के पहले बदलता था कपड़े

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

तुकोगंज पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर को पकड़ा। उसके पास से 14 चोरी की बाइक बरामद की गई, जिसकी कीमत 50 लाख रुपए है। वारदात को अंजाम देने के पहले वह कपड़े बदलता था, ताकि वह पकड़ में ना आ सके।

जाली नंबर प्लेट और ई-रक्षक ऐप ने उसका राज खोल दिया। आरोपी के पहले के दो रिकॉर्ड भी मिले हैं।

डीसीपी अभिषेक रंजन ने बताया कि शुक्रवार की रात को तुकोगंज पुलिस रात में गश्त कर रही थी। बास्केटबॉल ग्राउंड के सामने एक व्यक्ति बुलेट पर बैठा था, तभी पुलिस को देखकर वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी की और उसे धरदबोचा।

पूछताछ करने पर उसका नाम कन्हैया (40) पिता प्रेमचंद लाहौर निवासी 12 दुकान चौराहा, भवानीमंडी, जिला झालावाड़, राजस्थान हाल पता मुकाम हाउसिंग बोर्ड मल्टी सुखलिया पता चला। पुलिस को उसकी बातों से संदेह हुआ तो पुलिस ने बुलेट के नंबर प्लेट की जांच की जांच के बाद पुलिस ने ई-रक्षक एप से चेचिस नंबर और इंजन नंबर की जांच की



तो पता चला कि बुलेट पर नंबर प्लेट दूसरी है और इसी बुलेट की चोरी की शिकायत तुकोगंज थाने में दर्ज है।

पुलिस ने जब्त सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि ये बुलेट 56 दुकान के पास से 31 मई की रात को चोरी की थी। पुलिस से बचने के लिए जाली नंबर प्लेट लगाकर घूमता था और दूसरे गाड़ियां चोरी करने आता था।

वह अक्सर सूने स्थानों, पार्किंग और भीड़भाड़ वाले इलाकों से चाबी से लॉक खोलकर बुलेट या अन्य बाइक चोरी करता था। पूछताछ में आरोपी ने हीरानगर, विजय नगर, एमजी रोड, संयोगितागंज, खजराना, एरोड्रम, उज्जैन और तुकोगंज इलाके से वाहन चोरी करना कबूला है।

**बुलेट गाड़ी ज्यादा चोरी की-** आरोपी के पास से 11 बुलेट और एक डिलक्स बाइक बरामद की गई है। जबकि दो बुलेट सोयतकला थाने में जब्त है। इसके अलावा 12 चाबियां, 1 जाली नंबर प्लेट, काला हेलमेट, काला बेग जब्त किया गया है। आरोपी ने इन 12 चाबियों से ही दूसरी गाड़ियां चोरी करना कबूल किया है। आरोपी से ओर भी जानकारी निकाली जा रही है। आरोपी को पूर्व के दो रिकॉर्ड भी मिले हैं। कोटा में वह चेन स्नेचिंग के मामले में जेल भी जा चुका है। उससे ओर भी वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

**50 लाख की 14 बाइकों का हुआ खुलासा**

पुलिस ने आरोपी से ओर पूछताछ की तो पता चला कि उसने ओर भी गाड़ियां चोरी की, उसकी निशानदेही पर पुलिस ने विमल अपार्टमेंट, डॉल्फिन अस्पताल के पास पार्किंग और वल्लभ नगर मंदिर के पास से बाइकें बरामद की। उसने दो बुलेट गाड़ियां इंदौर से चोरी कर सोयत कला जिला आगर मालवा में बेचना भी बताया।

**साथ में चाबियां लेकर चलता और वारदात के पहले बदलता कपड़े**

डीसीपी ने बताया कि आरोपी वारदात करने के दौरान अपने साथ चाबियों का गुच्छा लेकर चलता था। वह पहले बुलेट बाइकों की रैकी करता और उसमें चाबियां लगाकर चेक करता, चाबी लग जाती तो वह बुलेट चोरी करने के पहले कपड़े बदलने जाता और कपड़े बदलकर आता और बाइक चोरी कर ले जाता।

---

# इंदौर में अवैध पेड़ कटाई पर एक लाख का जुर्माना





ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर नगर निगम ने शनिवार को शहर में पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव और आग से सुरक्षा को लेकर एक साथ बड़ी कार्रवाई की। निगम ने जहां अवैध रूप से पेड़ काटने पर एक व्यक्ति पर एक लाख रुपए का स्पॉट फाइन लगाया, वहीं रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाने वाले 69 भवन मालिकों पर करीब 1.96 लाख रुपए का जुर्माना किया। इसके अलावा फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं करने पर अब तक 102 भवनों को सील किया जा चुका है। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

नगर निगम की टीम को सूचना मिली थी कि जोन क्रमांक 18 के वार्ड 64 में चितावद रोड स्थित एक बंद फैक्ट्री परिसर में अवैध रूप से पेड़ काटे जा रहे हैं। सूचना मिलते ही निगम की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। वहां पेड़ काटने में इस्तेमाल हो रहे औजार और सामान जब्त कर लिए गए।

इस मामले में राघव गोयल पर निगम ने एक लाख रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। निगम ने साफ किया है कि शहर में हरियाली को नुकसान पहुंचाने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई होगी।

---

# शोरूम के सफाईकर्मी ने की 2.5 करोड़ की चोरी

## भरोसे का फायदा उठाकर चुराया हीरे जड़ा मुकुट, गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के एक कार शोरूम में हुई 2.5 करोड़ रुपए की चोरी का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने शोरूम में पिछले एक साल से काम कर रहे सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद कर लिया। आरोपी कर्मचारी ने भरोसे का फायदा उठाकर विश्वासघात किया। अपने शौक पूरे करने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

डीसीपी अमन सिंह राठौर ने बताया कि लसूड़िया थाना क्षेत्र में 17 जून को एक कार शोरूम में चोरी की वारदात सामने आई थी। पटेल मोटर्स के ऑपरेशन मैनेजर ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि शोरूम के केबिन में रखा आईफोन, सोने का छत्र, हीरा जड़ा मुकुट और 12 चांदी के सिक्के चोरी हो गए थे। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

**टीम बनाई, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्य जुटाए-** डीसीपी अमन सिंह राठौर ने बताया कि मामला सामने आने के बाद आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य तथ्यों की



बारीकी से जांच की। हालांकि, फरियादी ने पहले ही अपने एक कर्मचारी पर शंका जाहिर की थी। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और कर्मचारियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस संदेही लक्की (19), निवासी काली टंकी, बड़ी ग्वालटोली तक पहुंची। टीम ने जब उससे पूछताछ की तो उसने वारदात करना कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि शोरूम में काम करने के दौरान उसने मौके का फायदा उठाकर आईफोन चोरी किया था। इसके अलावा शोरूम मालिक के केबिन में रखे लॉकर से माता मंदिर का सोने का छत्र और हीरे जड़ा मुकुट भी चुरा लिया था।

---

### पति बोला- फंदा टूटने से बची थी जान, इस बार साड़ी में कई गांठ लगाकर झूल गई

# पहले भी फांसी के फंदे पर झूल चुकी थी नवविवाहिता

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

गांधी नगर इलाके में रहने वाली नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस जांच कर रही है। शुक्रवार को उसने घर में ही फांसी लगा ली थी। पुलिस ने मामले में एक सुसाइड नोट भी जब्त किया है।

गांधी नगर पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय अनीता पति सूरज ठाकुर के साथ गांधी नगर के ग्राम पालाखेड़ी कांकड में रहती थी। शनिवार को उसका जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने सुसाइड नोट भी जब्त किया है। अब पुलिस मायके और ससुराल पक्ष के लोगों के बयान लेकर जांच करेगी।

महिला के पति सूरज ने बताया कि करीब साल भर पहले भी अनीता ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। उस वक्त उसने घर में ही



फांसी का फंदा तैयार किया था और उसी फंदे पर झूल गई थी, लेकिन फंदा टूटने की वजह से उसकी जान बच गई थी। उसके बाद मायके पक्ष के लोगों को भी इसकी जानकारी दी थी, मगर उन्होंने समझाने के बाद मामला शांत हो गया था।

**इस बार कई गांठ लगाकर बनाया फंदा-** सूरज ने बताया कि शुक्रवार को घर पर कोई नहीं था। पत्नी का छोटा भाई घर पर ही था। आत्महत्या करने के पहले उसने उसे बाहर जाने का बोला, लेकिन वह नहीं जा रहा था। इस पर उसने उसे मारा भी, तब भी वह बाहर नहीं गया तो उसने चाकू दिखाकर उसे डराकर बाहर भेजा।

इस बार फंदा ना टूटे इसलिए



उसने साड़ी में कई गांठ लगाकर फंदा बनाया और उस फंदे पर झूल गई। बाहर छोटा भाई उसके गेट खोलने का इंतजार कर रहा था, वह रोने लगा तो आसपास के लोग जमा हो गए तब जाकर घटना का पता चला था।

**जेठ ने बताया- गांव के लड़के से करती थी बात-** महिला का पति कंपनी में हम्माली का काम करता है। महिला के जेठ अर्जुन ने आरोप लगाया कि वह गांव के एक लड़के से बात करती थी। उसके पिता के मोबाइल से उसने चैटिंग भी की थी, जिसे सूरज ने पकड़ लिया था। करीब साल भर पहले भी उसने अपनी जान देने की कोशिश की थी।

---

### 48 किमी लंबे उज्जैन-इंदौर नए ग्रीनफील्ड हाईवे का भूमिपूजन, टारगेट से भी आगे कान्ह डायवर्शन: ये क्षिप्रा का नीलकंठ; सारा जहर पीएगा, सिंहस्थ को देगा अमृत

# कान्ह का सारा प्रदूषण 30 किलोमीटर लंबे डायवर्शन से होकर जाएगा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सिंहस्थ के 3 प्रमुख काम कुंभ स्नान शुरू होने के छह माह पहले पूरे होने वाले हैं। पहला क्षिप्रा में मिलने वाला कान्ह नदी का गंदा पानी लंबी डक्ट के जरिए डायवर्ट हो जाएगा। ये क्षिप्रा का नीलकंठ होगा। कान्ह का सारा प्रदूषण(जहर) 30 किमी लंबे डायवर्शन से होकर जाएगा।

इसमें 12 किमी हिस्सा जमीन से 30 मीटर नीचे है। इसका 63% काम हो चुका है। ये टारगेट से भी 6 माह पहले जून 2027 में पूरा होने की उम्मीद है। शनिवार को केंद्रीय शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सीएम डॉ. मोहन यादव ने टनल को देखा।



उन्होंने इसे सिंहस्थ की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक बताया।

दूसरा प्रोजेक्ट सीवरखेड़ी-सिलारखेड़ी डेम है। इससे क्षिप्रा में निर्मल जल प्रवाहित होता रहेगा। तीसरा प्रोजेक्ट- 29 किमी लंबा घाट है, जो जून 2027 में तैयार हो जाएगा। यानि श्रद्धालु लंबे घाट पर कहीं भी सरलता से स्नान कर पाएंगे। अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी कि कान्हा डायवर्शन प्रोजेक्ट निर्धारित समय-सीमा से लगभग छह माह पहले पूरी होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। 32 मीटर तक गहराई में शाफ्ट निर्माण, चट्टानी क्षेत्रों में टनल बोरिंग मशीनों का संचालन और चौबीसों घंटे निर्माण कार्य जैसी जटिल चुनौतियों के बावजूद परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। उज्जैन में मार्च 2028 से सिंहस्थ प्रारंभ होना है, इसकी तैयारियों के बीच श्रद्धालुओं के लिए यह जानकारी सबसे बड़ी राहत और उम्मीद भरी है। सालों से कान्ह नदी के प्रदूषित पानी से जूझ रही मोक्षदायिनी क्षिप्रा को अब स्थायी समाधान मिलेगा। करीब 920 करोड़ रुपए कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्जन प्रोजेक्ट की लागत है। यह 29 किमी लंबा है। घाट के हर 200 मीटर पर अप्रोच (एंट्री) स्थल बनाया जा रहा है। 30 मीटर के 104 और 15 मीटर चौड़े 46 अप्रोच होंगे ताकि श्रद्धालुओं को घाट तक पहुंचने में परेशानी न हो।प्रदेश को शनिवार को सड़क और आवास क्षेत्र की बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने इंदौर के चंद्रावतीगंज में 2935 करोड़ की लागत से बनने वाले 48 किमी लंबे इंदौर-उज्जैन फोरलेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 42 हजार से अधिक आवासों का भूमिपूजन भी किया।

**ये तीन बड़े काम पहले होंगे**

- 920 करोड़ का कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्शन प्रोजेक्ट जून 2027 में पूरा होगा। यह क्षिप्रा में गंदे पानी को जाने से रोकेगा। इंदौर की ओर से आने वाला कान्ह नदी का प्रदूषित पानी उज्जैन से पहले जमालपुर क्षेत्र में रोककर गंभीर नदी की ओर मोड़ देगा।
- 614 करोड़ का सीवरखेड़ी-सिलारखेड़ी प्रोजेक्ट यह अगस्त 2027 में पूरा हो जाएगा। इसमें बरसात का पानी एकत्रित होगा और सिंहस्थ के दौरान क्षिप्रा में स्वच्छ जल प्रवाहित किया जाएगा। बाद में यह उज्जैन के लोगों की प्यास बुझाएगा।

# नीट री-एग्जाम सेंटर से सीसीटीवी कैमरे चोरी, महू में दो गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महू

महू में नीट यूजी (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) के सेंटर से दो सीसीटीवी कैमरे चोरी हो गए। ये कैमरे मेन गेट और कॉमर्स बिल्डिंग स्थित एग्जाम रूम में लगे थे। हालांकि, पुलिस ने 24 घंटे में ही चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर कैमरे बरामद कर लिए।

21 जून को होने वाली नीट परीक्षा के लिए महू के भेरूलाल पाटीदार गर्वमेंट पीजी कॉलेज में दो एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं। पिछले पेपर लीक को देखते हुए प्रशासन ने दो दिन पहले ही यहां सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए कैमरे लगवाए थे। इनमें से दो कैमरे 19 जून की शाम करीब 6 बजे चोरी कर लिए गए।

## पुलिस पूछ रही मकसद दिल्ली-भोपाल और एनटीए को भेजी जानकारी

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रवीण ओझा ने शनिवार सुबह बड़गोंदा थाने में लिखित शिकायत की। नीट की सुरक्षा से जुड़ा मामला होने की वजह से पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई।

पुलिस की एक टीम कॉलेज पहुंची और यहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इनमें चोरी का वीडियो मिल गया। इसके आधार पर गवली पलासिया के रहने वाले हिमांशु वर्मा (19) और विनय शर्मा (20) को पकड़ लिया गया।




उन्होंने बताया कि चोरी करने के बाद कैमरे तोड़कर कॉलेज के पीछे वाले मैदान में फेंक दिए थे। उनकी निशानदेही पर दोनों कैमरे बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस अब इस बात का पता लगा रही है कि परीक्षा से ठीक दो दिन पहले कैमरे चुराने के पीछे इन युवकों का असली मकसद क्या था?

**चौकीदार की लापरवाही की भी जांच–** प्रिंसिपल डॉ. प्रवीण ओझा ने कहा- कैमरे चोरी होने की जानकारी तुरंत दिल्ली, भोपाल और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को दे दी थी। ड्यूटी पर तैनात चौकीदार की लापरवाही को लेकर भी अंदरूनी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा- सेंटर पर तुरंत नए कैमरे लगाकर व्यवस्था पुख्ता कर ली गई है। जैमर, मेटल डिटेक्टर और एक्स्ट्रा पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

### ऑनलाइन गेमिंग फर्मों पर सेंट्रल जीएसटी की दबिश

# 300 करोड़ की जीएसटी चोरी का अनुमान, एक करोड़ जमा कराए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना

सतना में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी तीन फर्मों पर सेंट्रल जीएसटी जबलपुर की एंटी एवीजन ब्यूरो (एईबी) टीम ने शनिवार देर रात दबिश दी है। इस कार्रवाई में लगभग 300 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का अनुमान लगाया गया है। टीम ने फर्म संचालकों से प्राथमिक तौर पर एक करोड़ रुपए जमा भी कराए। यह कार्रवाई शहर के पुष्करणी पार्क के पास स्थित कॉलोनी में संचालित फर्म गायजेक प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी दो अन्य फर्मों पर की गई। जीएसटी अधिनियम की धारा 67 के तहत कारोबार से जुड़े दस्तावेजों को जब्त किया गया है। जांच के बाद टीम सभी दस्तावेजों को अपने साथ जबलपुर ले गई। यह कार्रवाई इतनी गोपनीय थी कि सेंट्रल जीएसटी के स्थानीय कार्यालय को इसकी भनक तक नहीं लगी। जबलपुर सेंट्रल जीएसटी के आधा दर्जन से अधिक अधिकारी इस टीम में शामिल थे।




1st RERA APPROVED
RESORT TOWNSHIP
Experience Luxury Living
at the 1st RERA Approved Resort Township
Bail Parao, Nainital, Uttarakhand
अगर आप Nature के बीच Luxury Second Home +
Rental Income चाहते हैं, तो Corbett County
आपके लिए एक Perfect Investment है।
Plots starting at just
₹36 Lakhs
Luxury Villas starting at
₹1.40 Crore
BANK
Easy Bank Loan
Available
Limited Inventory
Book Now!
CORBETT COUNTY
BAIL PARAO, NAINITAL
UTTARAKHAND
LUXURY VILLAS STARTING AT
₹1.40 CRORE*
EASY BANK LOAN AVAILABLE
Book Now- +91 85950 07767
Gated Township
Nature Surroundings
Premium Amenities
High Rental Potential
Future Ready Investment

## सुभाषितानि

दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्यश्चोत्तरदायकः।
ससर्पे गृहे वासो मृत्युरेव न संशयः॥

**भावार्थ** : दुष्ट पत्नी , शठ मित्र , उत्तर देने वाला सेवक तथा सांप वाले घर में रहना , ये मृत्यु के कारण हैं इसमें सन्देह नहीं करनी चाहिए।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 21 जून, 2026

## भारीवाहनेन सह टकरावस्य अनन्तरं युवकस्य मृत्युः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरस्य लम्हेटा घाटमार्गे भारी वाहनेन आघातेन मनीष यादवः नामकः एकः युवा मोटरसाइकिलचालकः गम्भीररूपेण चोटितः अभवत्। सः शीघ्रमेव चिकित्सायै सर्वकारीयचिकित्सालये प्रेषितः, तत्र रात्रौ ११:०० वादनस्य समीपे सः स्वर्गं गतः। पुलिस-अनुसारं २७ वर्षीयः मनीष-यादवः-सनैडोंगरी, धुमा (सिओनी)-नगरस्य निवासी- किञ्चित् कार्यार्थं स्वस्य मोटरसाइकिलेन लम्हेटा-क्षेत्रं गतवान् आसीत् सः सायं ७:०० वादनस्य समीपे गृहं प्रति प्रस्थितवान्; सः बाईपासमार्गेण गच्छन् पृष्ठतः समीपं गच्छन्तं गुरुवाहनं तस्य सह संघातं कृतवान्।

**मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।**
**दुःखितैः सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥**

**भावार्थ** : मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुःखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुःखी हो ही जाता है।

## सम्पादकीयम्

### आधारेण भविष्ये निर्णयं करिष्यति

इरान् अपि परमाणुशस्त्राणि न विकसितुं प्रतिज्ञां कृतवान् अस्ति। एतेन सम्झौतेन ६० दिवसानां वातायां मार्गः प्रशस्तः भवति। परन्तु अमेरिकादेशस्य अन्तः एव अस्य सौदास्य विरोधः उद्भूतः अस्ति। इजरायलस्य केचन रिपब्लिकननेतारः समर्थकाः च अस्य विषये प्रश्नान् उत्थापितवन्तः। रूढिवादी रेडियो-प्रस्तोता एरिक एरिकसनः अमेरिकन-समर्पणम् इति उक्तवान्। इदानीं सिनेटरः टेड् क्रूज् इत्यनेन उक्तं यत् राष्ट्रपतिः अस्मिन् विषये दुर्बलपरामर्शं प्राप्नोति। स्वस्य दलस्य अन्तः उत्पद्यमानं असहमतिं निवारयितुं वैन्सः प्रयतते। सः टिप्पणीं कृतवान् यत् सम्झौतेः आलोचनां कुर्वन्तः इराणस्य मिथ्यासूचनाम् अवलम्बन्ते। सः आश्वासितवान् यत् एतत् इराकयुद्धवत् दलदलरूपेण न परिणमति यतोहि ट्रम्पस्य नीतयः भिन्नाः सन्ति। इरान्-देशेन सह अग्रिमचरणस्य वातायां आरम्भं कर्तुं वैन्स् शुक्रवासरे स्विट्जर्ल्याण्ड्-देशं गन्तुं निश्चितः अस्ति। एतत् जेडी वैन्स इत्यस्य कृते महत्त्वपूर्णं राजनैतिकद्यूतं प्रतिनिधियति, यत् तस्य भविष्यं प्रभावितं कर्तुं शक्नोति। प्रशासनं कथयति यत् वैन्स् इत्यनेन स्टीव विट्कोफ, जेरेड् कुश्र्न च सह एतासां वातानां नेतृत्वं कृतम्। विपक्षे अन्यः दरारः? टीएमसी-शिवसेना-योः अन्तः असहमति-मध्ये अथवलेः सुझावम् अयच्छति यत् आप-लोकसभा-सांसदाः अपि तस्मिन् गुच्छे सम्मिलितुं शक्नुवन्ति।

### मौसमविभागेन केषुचित् क्षेत्रेषु ६० तः ८० कि.मी.पर्यन्तं वायुवेगः

# दुर्गतेः समये सावधानतां धारयितुं, विद्युत् प्रवाहस्य समये मुक्तक्षेत्रेभ्यः दूरं स्थातुं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



मौसमविभागेन केषुचित् क्षेत्रेषु ६० तः ८० कि.मी.पर्यन्तं वायुवेगः भविष्यति इति पूर्वानुमानं कृतम् अस्ति। दुर्गतेः समये सावधानतां धारयितुं, विद्युत्प्रवाहस्य समये मुक्तक्षेत्रेभ्यः दूरं स्थातुं च अधिकारिणः आग्रहं कृतवन्तः।

राजस्थाने धूलि-तूफानानि, वर्षा-क्रियाकलापाः अपि तीव्रताम् आप्नुवन्ति। पूर्वराजस्थानस्य अनेकजिल्हेषु प्रचण्डवायुः, वज्रपातः, वर्षा च पूर्वानुमानं कृतम् अस्ति। पश्चिमराजस्थानस्य केषुचित भागेषु यदा तापः वर्तते तदा मौसमविभागः कथयति यत् आगामिषु दिनेषु तत्र अपि मौसमस्य परिवर्तनस्य अपेक्षा अस्ति। अनेकजिल्हेषु प्रचण्डवायुः इति चेतावनी जारीकृता अस्ति।

मौसमविभागेन झारखण्ड, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर इत्यादिषु अनेकेषु राज्येषु गरज-वृष्टिः, वर्षा च इति अलट्ं अपि जारीकृतम् अस्ति। एतेषु प्रदेशेषु वायुवेगः प्रतिघण्टां ६० तः ८० किलोमीर्ट यावत् भवितुं शक्नोति स्म। इदानीं हिमाचलप्रदेशस्य उत्तराखण्डस्य च पर्वतप्रदेशेषु वज्रपातस्य, लघुतः मध्यमवृष्टेः च सम्भावना वर्तते।

सम्पूर्णे पूर्वोत्तरभारते मानसूनः पूर्णतया सक्रियः अस्ति। असम, मेघालय, अरुणाचलप्रदेश, नागालैण्ड्, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा इत्यादिषु आगामिषु कतिपयेषु दिनेषु अत्यधिकवृष्टिः भविष्यति, केषुचित् क्षेत्रेषु अत्यन्तं प्रचण्डवृष्टिः सम्भावना वर्तते। सम्भाव्यभूस्खलनस्य जलप्रवासस्य च पूर्वानुमानं कृत्वा मौसमविभागेन स्थानीयप्रशासनेभ्यः सतर्काः भवितुं निर्देशः दत्तः अस्ति।

दक्षिणभारते केरल, तटीय कर्नाटक, तत्समीपस्थेषु क्षेत्रेषु च मानसूनवृष्टिः निरन्तरं प्रचलति। तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश, तेलङ्गाना च केषुचित् भागेषु वज्रपातस्य, वषार्याः च सम्भावना वर्तते। तटीयक्षेत्रेषु प्रचण्डवायुः भवति इति कारणेन मत्स्यजीविभ्यः सावधानतां स्थापयितुं सल्लाहः दत्तः अस्ति।

मौसमविभागस्य अनुसारं मध्यभारतस्य केषुचित भागेषु २० जूनपर्यन्तं अधिकतमं तापमानं द्वौ त्रीणि डिग्री सेल्सियसपर्यन्तं वर्धयितुं शक्नोति, परन्तु तदनन्तरं तापमानस्य महत्त्वपूर्णं उतार-चढावः न भविष्यति परन्तु यत्र वर्षा, मेघाच्छादनं च वर्तते तत्र तापमानं सामान्यतः अधः एव तिष्ठति।

मौसमविभागेन अपि विशेष...सल्लाहपत्रं निर्गतम् अस्ति। येषु क्षेत्रेषु वर्षा, प्रचण्डवायुः च भवति तत्र कृषकाणां कृते कटितसस्यानि सुरक्षितस्थानेषु स्थानान्तरयितुं सल्लाहः दत्तः अस्ति। तदतिरिक्तं क्षेत्रेषु कार्यं कुर्वतां विद्युत्क्रियायाः समये आश्रयं प्राप्तुं, मुक्तक्षेत्रेभ्यः दूरं स्थातुं च आग्रहः कृतः अस्ति।

देशे सर्वत्र परिस्थितेः निरीक्षणं कुर्वन्तः मौसमविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् अधुना मानसूनः क्रमेण मध्य-उत्तरभारतं प्रति प्रगच्छति। छत्तीसगढे मानसूनस्य आसन्नः आगमनं, मध्यप्रदेशसहितेषु अनेकेषु राज्येषु मानसूनपूर्वस्य सक्रियक्रियाकलापः च सूचयति यत् आगामिषु दिनेषु वषार्याः व्याप्तिः विस्तारितुं शक्नोति। फलतः देशस्य अधिकांशभागेषु मौसमस्य दृष्ट्या अग्रिमसप्ताहः महत्त्वपूर्णः भविष्यति।

### गिल-ईशानयोः शताब्दयोः

# युवा तेजस्वी गुर्नूर ब्रार इत्यनेन प्रभावितः गावस्कर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

अफगानिस्तानविरुद्धे द्वितीये एकदिवसीयक्रीडायां भारतीयक्रिकेटदलेन भव्यं प्रदर्शनं कृत्वा १७० रनस्य विशालविजयः प्राप्तः, त्रिक्रीडाश्रृङ्खलायां २-० इति अप्रत्यक्षं अग्रता च प्राप्ता। कप्तानस्य शुबमनगिल्-इशानकिशनयोः विस्फोटकशतकैः भारतं ४०० रनाधिकं विशालं कुलं यावत् प्रेरितम्, तत्र युवा द्रुतगदाबाजः गुर्नूं ब्रारः पुनः स्वस्य चीरपूर्णगेन्दबाजीद्वारा सवेषां ध्यानं आकर्षितवान् मेलनानन्तरं पौराणिकः भारतीयः बल्लेबाजः सुनीलगावस्करः गुर्नूरब्रा इत्यस्य प्रशंसाम् अकरोत्, चयनकर्ताभिः, दलप्रबन्धनेन च कृतस्य निर्णयस्य प्रशंसाम् अकरोत्।

लखनऊनगरे क्रीडिते मेलने अफगानिस्तानदेशः टॉस्-क्रीडायां विजयं प्राप्य प्रथमं गेन्दबाजीं कर्तुं निर्वाचितवान्, परन्तु भारतीय-बल्लेबाजाः आरम्भादेव आक्रामक-पद्धतिं स्वीकृतवन्तः कप्तानः शुब्मेन् गिल् कप्तानस्य ठोकनं कृतवान्, ११० कन्दुकयोः १५४ रनस्य स्कोरं कृतवान्; तस्य पारीषु २२ चतुः, षड्द्वयं च आसीत्। इदानीं इशान किशनः अपि अफगानिस्तानस्य गेन्दबाजानां उपरि भयंकरं आक्रमणं कृतवान्, केवलं ७९ कन्दुकयोः १२५ रनाः भग्नवान्-एषा पारी १४ चतुर्णां सप्तषट्काणां च प्रदर्शनं कृतवान् उभयोः खिलाडयोः तेजस्वी बल्लेबाजीं कृत्वा भारतेन ४९.५ ओवरेषु ४०२ रनस्य विशालः कुलः कृतः। अफगानिस्तानस्य कृते नङ्गेयालिया खरोते चत्वारि विकेट्-आदयः, अनुभवी स्पिनरः रशीदखानः त्रीणि विकेट्-आकारं कृतवान्। परन्तु भारतीयबल्लेबाजानां विरुद्धं तेषां गेन्दबाजी अप्रभावी सिद्धा अभवत्। ४०३ धावनस्य लक्ष्यं अनुसृत्य अफगानिस्तान-दलः संघर्षं कृतवान्, भारतीय-गेन्दबाजी-आक्रमणं च सहितुं न शक्तवान्।

## राशिफल

**मेष** : नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। परिवार में माहौल सामान्य रहेगा। खर्च पर थोड़ा कंट्रोल रखें।

**वृषभ** : पैसों के मामले में दिन ठीक रहेगा। परिवार के किसी सदस्य की सलाह आपके काम आ सकती है।

**मिथुन** : व्यापार में फायदा हो सकता है। दोस्तों से मुलाकात या बातचीत मन खुश करेगी। शाम का समय अच्छा बीतेगा।

**कर्क** : आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। मानसिक शांति मिलेगी। पारिवारिक रिश्तों में खटास आ सकती है।

**सिंह** : स्ट्रैटजी के साथ सिंह राशि वाले आज चुनौतियों को रोमांचक अवसरों में बदल सकते हैं।

**कन्या** : पैसों से जुड़ा फैसला सोच-समझकर लें। सेहत सामान्य रहेगी। स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। पीली वस्तु का दान करें।

**तुला** : घर का माहौल अच्छा रहेगा। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट का ध्यान रखें। वित्तीय जागरूकता महत्वपूर्ण है।

**वृश्चिक** : नौकरी और व्यापार में लाभ के संकेत हैं। दोस्तों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु** : नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहने के संकेत हैं।

**मकर** : किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात फायदेमंद रहेगी। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा।

**कुंभ** : छात्रों को पढ़ाई में सफलता मिल सकती है। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

**मीन** : परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा। किसी पुराने मित्र से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। मन शांत रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# वर्ष 2027 में वृषभ राशि पर शुरू होगी शनि की साढ़ेसाती, जानें क्या करें और क्या न करें, ज्योतिषिय उपाय

2027 में वृषभ राशि पर शनि की साढ़ेसाती शुरू होगी। जानें इसके प्रभाव, जीवन में आने वाले बदलाव और इस समय क्या करें व क्या न करें। पढ़ें जरूरी ज्योतिषीय उपाय और सावधानियां।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 2027 एक महत्वपूर्ण वर्ष माना जा रहा है, क्योंकि इस समय शनि देव मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही वृषभ राशि पर शनि की साढ़ेसाती का पहला चरण यानी उदय काल शुरू होगा। यह वह समय होता है जब जीवन में धीरे-धीरे बदलाव दिखाई देने लगते हैं। हालांकि



राहत की बात यह है कि वृषभ राशि के स्वामी शुक्र और शनि के बीच मित्रता का संबंध माना जाता है, इसलिए यह अवधि अत्यधिक कठिन नहीं मानी जाती, लेकिन फिर भी सावधानी, संयम और समझदारी बेहद जरूरी रहती है। इस समय जीवन की गति थोड़ी धीमी हो सकती है और जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। ऐसे में व्यक्ति को अपने निर्णयों में धैर्य रखना चाहिए और किसी भी काम को जल्दबाजी में करने से बचना चाहिए। यह समय आपको अनुशासन और जीवन को व्यवस्थित करने की सीख देता है।

**क्यों करें: धैर्य और अनुशासन**

**अपनाएं-** यह समय आत्मनियंत्रण सिखाने वाला माना जाता है। किसी भी बड़े फैसले को जल्दबाजी में न लें, बल्कि सोच-समझकर आगे बढ़ें।

**आर्थिक योजना बनाकर चलें-** खर्चों में अचानक बढ़ोतरी हो सकती है, इसलिए बजट को नियंत्रित रखना बहुत जरूरी होगा। फिजूलखर्ची से बचना लाभकारी रहेगा।

**बड़ों का सम्मान करें-** घर के बुजुर्गों का आदर और सेवा करना इस समय बहुत शुभ माना जाता है। उनका आशीर्वाद जीवन में स्थिरता ला सकता है।

**मंत्र जाप और पूजा-**नियमित रूप से ॐ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जाप करने से मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।दान-पुण्य करें जरूरतमंदों की मदद करना और सेवा कार्यों में शामिल होना शनि देव को प्रसन्न करने का एक सरल उपाय माना गया है।

**क्या न करें -** अहंकार से दूर रहें, इस समय घमंड और जिद नुकसान पहुंचा सकती है। विनम्र व्यवहार अपनाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**जोखिम भरे निर्णय न लें-** निवेश या आर्थिक मामलों में कोई भी बड़ा जोखिम लेने से बचें। सट्टा या शॉर्टकट रास्तों से दूर रहना जरूरी है।

**विवादों से बचें-** कार्यक्षेत्र या निजी जीवन में बहस और टकराव से दूर रहें। कोर्ट-कचहरी जैसे मामलों में भी सतर्कता रखें।

**अनावश्यक यात्राएं टालें-** बिना जरूरी और बिना उद्देश्य वाली यात्राओं से बचें, क्योंकि यह समय ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का है।

### भारत और साउथ अफ्रीका मुकाबला आज, दोनों के बीच वनडे वर्ल्डकप फाइनल भी हुआ था

# हरमनप्रीत 200 टी-20 खेलने वाली पहली क्रिकेटर बनेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैनचेस्टर





विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में आज दो मुकाबले खेले जाएंगे। सबसे ज्यादा नजरें भारत और साउथ अफ्रीका के मुकाबले पर रहेंगी। मैनचेस्टर में शाम 7 बजे से होने वाले मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम सेमीफाइनल के करीब पहुंच जाएगी। इससे पहले ब्रिस्टल में दोपहर 3 बजे से वेस्टइंडीज और श्रीलंका आमने-सामने होंगे।

भारत लगातार दो मैच जीत चुकी है। टीम ने पाकिस्तान को 64 और नीदरलैंड को 95 रन से हराया था। आज के मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर 200 टी-20 इंटरनेशनल खेलने वाली पहली क्रिकेटर भी बनेंगी। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। टीम अब तक खेले 2 मैच में एक ही जीत पाई हैं। पिछले साल 2 नवंबर को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में भारत ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार खिताब जीता था।

**वोल्वार्ट ने भारत के खिलाफ 520 रन बनाए-** साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट से टीम को अच्छे शुरूआत की उम्मीद होगी। लौरा ने भारत के खिलाफ 17 टी-20 में 520 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में शबनीम इस्माइल ने 115 टी-20 में 125 विकेट लिए हैं। उनकी इकोनॉमी सिर्फ 5.79 की है और बेस्ट परफॉर्मेंस 5 विकेट पर 12 रन रही है।

**वेस्टइंडीज लगातार तीसरी जीत की तलाश में-** दिन के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज और श्रीलंका आमने-सामने होंगे। वेस्टइंडीज ने अपने शुरूआती दोनों मैच जीतकर शुरूआत की है। टीम न्यूजीलैंड और स्कॉटलैंड को हरा चुकी है। अगर वह श्रीलंका को भी हरा देती है तो सेमीफाइनल की मजबूत दावेदार बन जाएगी। दूसरी ओर श्रीलंका ने इंग्लैंड से हारने के बाद डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड को हराया । टीम के खाते में 2 अंक हैं और एक और जीत उसे अंतिम-4 की रेस में मजबूती से बनाए रखेगी।

**वेस्टइंडीज का पलड़ा भारी-** दोनों टीमों के बीच अब तक 29 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए हैं। वेस्टइंडीज ने 20 मुकाबले जीते हैं, जबकि श्रीलंका सिर्फ 7 मैच जीत सका है। दो मैच बेनतीजा रहे हैं। हालांकि इसी साल श्रीलंका ने कैरेबियाई टीम को टी-20 सीरीज में हराया था।

**अटापट्टू बनाम मैथ्यूज-** श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू टीम की सबसे बड़ी मैच विनर हैं। उन्होंने 159 टी-20 इंटरनेशनल में 3783 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में भी उन्होंने 72 विकेट लिए हैं। वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान हेली मैथ्यूज गेंद और बल्ले दोनों से मैच बदल सकती हैं। मैथ्यूज के नाम 122 विकेट दर्ज हैं और उनका बेस्ट प्रदर्शन 4 विकेट पर 10 रन है।

**मौसम और पिच रिपोर्ट-** ब्रिस्टल में खेले जाने वाले वेस्टइंडीज-श्रीलंका मुकाबले के दौरान बादल छाए रहने की संभावना है। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी चुन सकती है। मैनचेस्टर में भारत और साउथ अफ्रीका का मैच नई पिच पर खेला जाएगा। यहां इस वर्ल्ड कप के दोनों मुकाबले पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं।

### भारत-साउथ अफ्रीका की टक्कर बराबरी की

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक 24 टी-20 खेले गए हैं। भारत ने 11 और साउथ अफ्रीका ने 10 मैच जीते हैं। 3 मुकाबलों का नतीजा नहीं निकल पाया।

### श्रेयंका की जगह राधा को मौका मिल सकता है

टखने की चोट के कारण श्रेयंका पाटिल टूनामेंट से बाहर हो चुकी हैं। उनकी जगह भारत राधा यादव को प्लेइंग-11 में शामिल कर सकता है। इससे टीम दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर के कॉम्बिनेशन को बरकरार रख सकेगी।

### स्मृति लगातार 2 फिफ्टी लगा चुकीं

स्मृति मंधाना ने इस वर्ल्ड कप में लगातार दो फिफ्टी पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ लगाई है। दीप्ति शर्मा सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली महिला बनने से मात्र एक विकेट दूर हैं। उनके नाम 355 विकेट हैं। वे भारत की ही झूलन गोस्वामी का रिकॉर्ड तोड़ेंगी। इस वर्ल्ड कप में शेफाली वर्मा ने बल्ले के साथ-साथ गेंद से भी योगदान दिया है। शेफाली ने दो मैचों में 4 विकेट लिए हैं और उनकी इकोनॉमी 6.63 रही है।

# क्या सूर्यवंशी फाइनल में फिर शतक लगाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दांबुला

भारत-ए और श्रीलंका-ए के बीच ट्राई नेशन वनडे सीरीज का फाइनल आज खेला जाएगा। दांबुला के रंगिरी इंटरनेशनल स्टेडियम में मुकाबला 10 बजे शुरू होगा।

खिताब किसके नाम होगा, यह सवाल अपनी जगह है, लेकिन मुकाबले से पहले नजरें 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर टिकी हैं। चार महीने पहले जिस बल्लेबाज ने अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में 80 बॉल पर 175 रन बनाए थे। वहीं खिलाड़ी इस टूनामेंट में अब तक एक फिफ्टी भी नहीं लगा पाया है।

फाइनल से पहले वैभव एक और वजह से चर्चा में हैं। लीग स्टेज में 15 जून को श्रीलंका-ए के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार के बाद उनका और श्रीलंकाई खिलाड़ी विशेन हलामबागे का विवाद हो गया था। हलामबागे ने वैभव को उकसाने वाली टिप्पणी की, जिसके बाद सूर्यवंशी ने श्रीलंकाई प्लेयर को धक्का दे दिया था। इसी साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में वैभव सूर्यवंशी ने महज 80 गेंदों में 175 रन की पारी खेली थी।

### भारत ने अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराया

# भारत ने सीरीज 3-0 से जीती




ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

**तीसरे वनडे में यशस्वी का शतक, रोहित की फिफ्टी, प्रसिद्ध को 5 विकेट**

भारत ने अफगानिस्तान को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने क्लीन स्वीप करते हुए सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में अफगानिस्तान ने भारत को 219 रन का टारगेट दिया। जवाब में भारत ने 28.4 ओवर में एक विकेट खोकर 224 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

यशस्वी जायसवाल ने दूसरा वनडे शतक जमाते हुए नाबाद 110 रन बनाए। पारी में 14 चौके और 3 छक्के भी लगाए। रोहित शर्मा ने 79 रन की पारी में 9 चौके और 3 छक्के जमाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 170 रन जोड़कर जीत की नींव रखी। श्रेयस अय्यर 20 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले अफगानिस्तान के कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी ने वनडे करियर का पहला शतक लगाते हुए 102 रन बनाए।

## खबर एक नजर...

### हिरासत में आया दोहरे हत्याकांड का फरार आरोपी

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम महुडीपुरा रोड पर 18 जून को मंजू पति सत्यनारायण शर्मा और उसके प्रेमी कालूराम पिता पर्वतलाल वर्मा निवासी बैलाखेड़ा की हत्या होना सामने आया था। दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया था। हत्याकांड को मंजू के दामाद अनिल और उसके भाई कालूराम ने अपने साथी रफीक के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने अनिल और कालूराम को गिरफ्तार कर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया। रफीक फरार था, जिसकी तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी गई। शनिवार देर शाम पुलिस ने उसे भी हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। विदित हो कि दोहरे हत्याकांड के बाद दामाद अनिल और कालूराम से पूछताछ में सामने आया था कि अनिल ने मंजू शर्मा की बेटी से 12 लाख रुपए देकर शादी की थी। लेकिन मंजू की बेटी मायके चली गई थी। अनिल को शंका थी कि सास मंजू और उसका प्रेमी पत्नी को ससुराल जाने से रोक रहे है। जिसके चलते उसने भाई और साथी के साथ हत्या की साजिश रचकर दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था।

### टक्कर मारने के बाद कार चालक से मारपीट

**उज्जैन।** जीवाजीगंज क्षेत्र के नयापुरा में रहने वाला निलेश पिता जगदीशचंद्र सोगी 50 साल शुक्रवार-शनिवार रात कार में सवार होकर देवास से उज्जैन लौट रहा था। रास्ते में ग्राम मताना में उसकी कार को आयशर ने टक्कर मार दी। निलेश ने कार रोक आयशर चालक को देखकर गाड़ी चलाने का बोला तो चालक और उसके 3 साथियों ने नीचे उतरकर आये और कार चालक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। निलेश योगी की शिकायत पर नरवर थाना पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज किया है। घटनास्थल पर लगे कैमरों की मदद से आयशर का नम्बर ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

### बदमाशों से लूट की पूरी राशि और मोबाइल बरामद

**उज्जैन।** ग्राम चंदेसरा का रहने वाला सौदान प्रजापत बजाज फायनेंस कंपनी में काम करता है। 13 जून को ढाबारोड स्थित गेबी हनुमान मंदिर दर्शन करने गया था। जहां से वापस ढांचाभवन मार्ग होते ही मक्सीरोड की ओर जा रहा था, उसी दौरान प्रीतिनगर दारू गोदाम के पास बाइक सवार 3 बदमाशों ने चाकू की नोंक पर उसके साथ लूट को अंजाम देते हुए 13 हजार 500 रुपए और मोबाइल लूट लिया था। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया था और सीसीटीवी कैमरों फुटेज देखे थे। जिसमें तीनों बदमाश बाइक से भागते दिखाई दिये थे। जिनकी पहचान मायपुरी क्षेत्र के रहने वाले कृष्णा, मिथुन और लाखन के रूप में हुई थी। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि एक टीम तीनों की तलाश में लगी थी। तीनों को गुरूवार रात हिरासत में लिया गया। जिनसे पूछताछ के बाद लूट के 13 हजार 500 रुपए और मोबाइल बरामद कर लिया गया। पूछताछ में तीनों ने कबूल किया कि वारदात के बाद तीनों से लापता हो गये थे और 4 दिनों से आसपास के क्षेत्रों में छुपकर रह रहे थे। थाना प्रभारी के अनुसार तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### पत्नी से शराब पीने से रोका तो पति ने लाठी से पीटा

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम कंडारिया में रहने वाली सरस्वती पति अमितसिंह 35 साल को शुक्रवार-शनिवार रात पुलिस उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंची। सरस्वती के साथ पति द्वारा मारपीट की गई थी। घायल सरस्वती ने बताया कि पति शराब पीने का आदी हो चुका है। रात में नशा कर लौटा था, जिसे शराब पीने से मान किया तो लाठी से बुरी तरह पीटा। मारपीट देखे आसपास के लोगों ने पुलिस को कॉल किया। पुलिस अस्पताल लेकर पहुंची है। फिलहाल पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज नहीं किया है। सरस्वती के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### शिफ्टिंग के दौरान युवक पर गिरा बिजली का पोल

उज्जैन। शांतिनगर चौराहा पर मार्ग चौड़ीकरण के दौरान क्रेन चालक द्वारा बिजली के खंबे को शिफ्टि करने का काम किया जा रहा था। इस दौरान क्रेन चालक की लापरवाही से बिजली का पोल वहां से गुजर रहे गोपाल पिता विजयसिंह परिहार निवासी शांतिनगर पर गिर गया। घटना में गोपाल घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दी गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने गोपाल के बयान दर्ज कर क्रेन चालक के खिलाफ गंभीर उपाहित कारित करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### चलती ट्रेन में चाकू मारने वाला हिरासत में

**उज्जैन।** चलती ट्रेन में धक्का लगने पर युवक को चाकू मारने वाले बदमाश को जीआरपी ने हिरासत में लिया है। वहीं चाकू लगने पर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रैफर किया गया है। उत्तरप्रदेश का रहने वाला अंशुमन तिवारी इंदौर हजरत निजामुउद्दीन एक्सप्रेस से उज्जैन आ रहा था। उसके साथ 3 साथी भी थे। उज्जैन स्टेशन आने से पहले अंशुमन ट्रेन के गेट पर आकर खड़ा हो गया। इसी दौरान एक युवक को धक्का लग गया और उसने विवाद शुरू कर दिया। दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई, अंशुमन के साथी बीच-बचाव के लिये आते उससे पहले विवाद कर रहे युवक ने चाकू निकालकर अंशुमन को घोंप दिया। चलती ट्रेन में चाकूबाजी की सूचना मिलते ही जीआरपी अलर्ट हो गई और ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही चाकू मारने वाले को हिरासत में लेकर घायल को उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रैफर किया गया है। बताया जा रहा है कि हिरासत में आया चाकू मारने वाला अरूण उर्फ लल्ला बर्मन है, जो महाकाल मंदिर क्षेत्र में तिलक लगाने का काम करता है। जीआरपी चाकू बरामद कर उससे पूछताछ कर रही है।

---

वीआईपी दर्शन काउंटर से बेचे जाने वाली टिकिट ब्लैक का मामला

# श्री कालभैरव मंदिर में 500 रूपए की रसीद व्यवस्था में सेंध

## काउंटर देरी से खोलते हैं और फिर श्रद्धालुओं की मजबूरी को केश किया जा रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए श्री कालभैरव मंदिर में दी गई व्यवस्था में ही वहां के कर्मचारियों ने सेंध लगा दी है। व्यवस्था को ऐसा ढाल दिया गया है कि श्रद्धालुओं को मजबूर होकर ब्लेक में टिकिट खरीदना पड रहा है। काउंटर से लेकर गार्ड एवं उसके साथ इस व्यवस्था में दलाल सक्रिय हो गए हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालु इसके तहत जेब हल्की कर रहे हैं।

श्री कालभैरव मंदिर में पिछले कुछ वर्षों में श्रद्धालुओं की संख्या का आंकडा दिन प्रति दिन बढता जा रहा है। अब तक यहां की गई व्यवस्था श्रद्धालुओं की संख्या के आगे कमजोर साबित हुई है। मंदिर प्रबंध समिति ने करीब एक पखवाडे पूर्व यहां आम दर्शन एवं खास दर्शन की व्यवस्था दी थी। इसके तहत आम दर्शन तो निःशुल्क हो रहे थे। खास दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए रूपए 500 शुल्क की व्यवस्था की गई थी। इसमें दर्शनार्थी को गर्भगृह से दर्शन करवाए जा रहे हैं।

**ऐसे लगी व्यवस्था में सेंध-** मंदिर प्रबंध समिति ने खास श्रद्धालुओं के लिए शुल्क की व्यवस्था करने के साथ ही इसके लिए एक काउंटर मंदिर के बाहर बनाया है। काउंटर से श्रद्धालु को रसीद लेने के बाद अंदर दर्शन के लिए पात्रता मिलती है। यहीं से व्यवस्था में सेंध लगा दी गई है। काउंटर सुबह 6-शाम7 बजे तक खुलने के लिए नियत किया गया है। सुबह के समय में काउंटर करीब 3 घंटे देरी से खोला जाता है। उसके कारण से ऐसे श्रद्धालुओं की लंबी लाईन लग जाती है। इस लंबी लाईन का फायदा उठाकर कतिपय गार्ड एवं दलाल खिडकी से मिलीभगत के साथ रसीद ब्लेक करने में सक्रिय हो जाते हैं।




### लाईन का श्रद्धालु ठगा सा

खास तो यह है कि बाहर से आने वाले श्रद्धालु की भावना को नजरअंदाज करते हुए ऐसा किया जा रहा है। उसके बाद भी लाईन में लगा श्रद्धालु ऐसा देखकर ठगा सा रह जाता है। दो से तीन घंटे लाईन में लगने के बाद भी उसे देर से ही रसीद मिल पाती है। इसकी अपेक्षा ब्लेक में खरीदने वाले को आते ही कतिपय गार्ड एवं दलाल रसीद मुहैय्या करवा रहे हैं।

### अव्यवस्था के हाल

खास तो यह है कि कतार के लिए न तो कोई व्यवस्था है और न ही कोई नियम के तहत ही इस काम को अंजाम दिया जा रहा है। मनमर्जी से इस काउंटर को चलाया जा रहा है। इसी के तहत अव्यवस्था के हाल कायम हैं। मिलीभगत के साथ इस पूरे खेल को अंजाम दिया जा रहा है।यहां आए दिन ऐसे मामलों में श्रद्धालुओं के बीच विवाद की स्थिति भी बनती है।

---

# डिवाइडर से टकराई कार, हादसे में आंध्रप्रदेश के युवक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवासरोड पर शनिवार शाम हादसा हो गया। तेजगति से दौड़ती कार अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में आंध्रप्रदेश के युवक की मौत हो गई। चालक और पार्टनर को मामूली चोंट लगी है। परिवार के आने पर मृतक का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

आंध्रप्रदेश के श्रीकुलम का रहने वाला नेटी मणिकांता 31 साल इंदौर आया था और पार्टनर ओमप्रकाश पिता मांगीलाल धाकड़ निवासी महालक्ष्मीनगर इंदौर के साथ कार चालक बालकिशन पिता राधेश्याम के साथ शनिवार को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था। बताया जा रहा है कि दर्शन के बाद शाम को तीनों वापस इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान नागझिरी थाना क्षेत्र के प्रेमनगर ब्रिज के नीचे चंदेसरी मार्ग देवासरोड पर अचानक कार अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। पीछे बैठा नेटी मणिकांता गंभीर घायल हो गया। उसे नानाखेड़ा स्थित निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत होना सामने आया। देर शाम निजी अस्पताल से शव चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉ. जितेन्द्र शमा ने परीक्षण के बाद मौत की पुष्टि कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। बताया जा रहा है कि ओमप्रकाश धाकड़ और चालक बालकिशन को मामूली चोंट लगी थी। मामले की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। परिवार के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### खेत में करंट लगने से किसान की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खेत में काम कर रहे किसान को शनिवार दोपहर करंट लग गया। उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम टंकारिया में रहने वाला राहुल पिता दिनेश पटेल खेत पर काम करने गया था। उस दौरान वहां पड़े खुले बिजली के तारों की चपेट में आ गया। करंट लगने पर उसकी मौके पर मौत हो गई। तभी बारिश का मौसम बनने पर परिवार खेत पर पहुंचा जहां उन्होने राहुल को तारों के बीच पड़ा देखा। उसे तत्काल तार हटाकर अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

---

# पोस्टमार्टम के बाद फिर से साधु को दी गई समाधि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

समाधि में दबी लापता साधु की लाश को प्रशासन की अनुमति के बाद खोदकर बाहर निकाला गया था। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में लाश का उसी स्थान पर भाई की मौजूदगी में समाधि दी गई। साधु की मौत का राज पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर सामने आ पायेगा।

जावरा के रहने वाले अनिल पिता किशोर जोशी ने 17 जून को उज्जैन आने के बाद चिमनगंज थाना पुलिस को भाई गंगेश्वरगिरी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी और बताया कि मंगलनाथ मंदिर के पास मलानी बाबा की कुटिया में रहता था। 10 जून से संपर्क नहीं हुआ है। मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर कुटिया पहुंचने पर सामने आया कि उसके भाई की मौत हो चुकी है और उसे कुटिया के पीछे समाधि दी गई है। अनिल जोशी ने भाई की हत्या का आरोप लगाया और निष्पक्ष जांच की मांग रखी। शुक्रवार को चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने प्रशासन की अनुमति के बाद समाधि खोदकर शव बाहर निकला और पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। शनिवार पोस्टमार्टम के बाद शव को दोबारा उसी स्थान भाई की मौजूदगी में समाधि दी गई। थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है।





### 8 से 9 दिन पुराना हो चुका था शव

चिमनगंज थाना एसआई लिबिन खेस ने बताया कि साधु गंगेश्वरगिरी का शव 8 से 9 दिन पुराना हो चुका था। उसे समाधि देने के के दौरान नमक में दबाया गया था। जिसके चलते शरीर की ऊपरी चमड़ी गल चुकी थी। भाई ने आरोप लगाया था कि गंगेश्वरगिरी के साथ नीमच के महाराज भास्करानंद और लगड़ा गुरू ने मारपीट की थी। 10 जून को मोबाइल पर बातचीत के दौरान विवाद की आवाज सुनाई दी थी। चमड़ी गलने से चोंट के निशान स्पष्ट नहीं हो पाये है। मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा।

### भाई बोला दोषियों को सजा मिले

16 साल पहले साधु बन चुके गंगेश्वरगिरी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराने और हत्या का आरोप लगाकर समाधि से शव निकलवाने के बाद पोस्टमार्टम कराने वाले भाई अनिल जोशी ने कहा कि उसे पूरी शंका है कि भाई की हत्या में भास्करानंद और लगड़ा गुरू शामिल हो सकते है। अगर गंगेश्वरगिरी की मौत हो चुकी थी तो उसे समाधि देने वाले राजेश गुरू और कृष्णादास का परिजनों को सूचना देना थी। दोनों ने बाले-बाले समाधि दी गई है। उसे न्याय मिले और दोषियों को सजा हो।

---

# पुलिस की तत्परता से बची महिला की जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। महिला द्वारा शुक्रवार-शनिवार रात 2 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया गया। सूचना मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। जहां महिला की जान डॉक्टरों द्वारा बचा ली गई।

किशनपुरा में रहने वाली रोशनी पति राजकुमार शेर 27 साल 2 बच्चों की मां है और सिलाई का काम कर 2 बच्चों का पालन-पोषण करती है। पति शराबी है। जो आये दिन प्रताड़ित करता है। जिसकेचलते रोशनी ने रात 2 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसने माधवनगर थाना एएसआई को कॉल किया। एएसआई मनोहर विश्वकर्मा, आरक्षक अशोक परमार और अरूण मौके पर पहुंचे, महिला को तत्काल उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू कर उसकी जान बचा ली। डॉक्टरों का कहना था कि आधा घंटा देरी होती तो महिला की जान बचा पाना मुश्किल होता। एएसआई विश्वकर्मा ने बताया कि 2 दिन पहले रात के समय रोशनी और उसके 2 बच्चों के लापता होने की शिकायत पति और मायापुरी में रहने वाली मां दर्ज कराने पहुंची थी। उस दौरान भी तत्काल रोशनी का पता लगाया गया था और उसे थाने बुलाया गया था। तब सामने आया था कि रोशनी सिलाई का काम करती है। पति शराब पीने का आदी है और आये दिन प्रताड़ित करता है। रोशनी का कहना था कि पति को छोड़ बच्चों के साथ अलग होना चाहती है, लेकिन मां और 2 बहने पति को नहीं छोड़ने का दबाव बना रही है। उसका कहना था कि पति उसे जान से मार सकता है, उस दौरान मामला पारिवारिक होने पर सभी को समझाईश दी गई थी। तभी रोशनी ने उनका मोबाइल नम्बर सेव कर लिया था। उसके जहर खाने के बाद पति घर में मौजूद था और उसे तडफता देख रहा था। रोशनी के पास उनका नम्बर था, जिस पर उसने कॉल कर जहरीला पदार्थ खाने कीसूचना दी और पुलिस तत्काल किशनपुरा पहुंची। डॉक्टरों का कहना था कि आधा घंटा देरी होती तो महिला की जान जा सकती थी। एएसआई विश्वकर्मा ने बताया कि फिलहाल महिला का उपचार चल रहा है। पूरी तरह स्वस्थ्य होने पर बयान दर्ज कर आगे की विवेचना की जायेगी।



**रात 2 बजे खाया था जहरीला पदार्थ**

---

# सेवानिवृत्त परिवार के साथ वियतनाम भेजने के नाम पर 3.50 लाख रुपये की धोखधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय विभाग से सेवानिवृत्त परिवार के साथ वियतनाम भेजने के नाम पर 3.50 लाख की धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है। 6 माह बाद मामले में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि प्रकाश नगर में रहने वाले 64 वर्षीय हरिप्रकाश पिता कल्याण वाडिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि परिवार के साथ वियतनाम जाने का टूर बनाया था। सोशल साईड पर टूर का विज्ञापन दिखाई देने पर उक्त नम्बर पर संपर्क किया गया, जो भोपाल की ड्रीम डेस्टिनेशन ट्रेवल्स का था। उन्होने टूर प्लान बताया, जो काफी अच्छा था। परिवार के सदस्यों के साथ बुकिंग की बात कहीं गई। 15 से 25 दिसंबर 2025 को उन्होने टिकट के नाम पर ऑनलाइन 3.50 लाख का ट्रांजेक्शन किया। 5 माह बाद वियतनाम जाना था, लेकिन टिकट बुकिंग करने वालों से संपर्क नहीं हुआ। उन्होने भोपाल स्थित पते की जानकारी निकाली तो फर्जी नाम-पता होना सामने आया। जिसके बाद उन्हे धोखाधड़ी का आभास हुआ। हरिप्रकाश द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। जिसकी जांच के बाद मामले में धोखाधड़ी की धारा 318 (4) में प्रकरण दर्ज किया गया है। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। जल्द मामले में धोखाधड़ी करने वालों का पता लगाकर गिरफ्तारी की जायेगी।



---

सुबह से धूप निकली, दोपहर उपरांत बादलों ने धूम मचाई, पांच दिन देरी से ही सही, आया मानसून झूम के

# नाली का पानी सड़कों पर पसरा, कई जगह पानी भराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शनिवार को 5 दिन से अधिक देरी से मानसून अंततः उज्जैन पर मेहरबान हुआ है। दोपहर तक कडक धूप के बाद मौसम ने पलटा खाया और बादल छा गए। इसके बाद बादलों ने धूम मचाने का क्रम शुरू किया जो देर शाम तक जारी रहा है। मध्य दोपहर एक समय ऐसा भी रहा कि जिसमें नए शहर में सूखा देखा गया और पुराने शहर में झमाझम बारिश हो रही थी। मानसून के आगमन के साथ ही अव्यवस्था एवं समस्याओं ने मुंह खोल दिया है। शहर के कई हिस्सों में नाली का गंदा पानी सडकों पर पसर गया । इसी अव्यवस्था एवं समस्या से दो चार होते हुए राहगिरों का आवागमन रहा है।

मानसून के आगमन को लेकर सभी की टकटकी आसमान की और लगी हुई थी । गर्मी से आमजन का बूरा हाल हो रहा था। उमस के कारण पंखे एवं कुलर भी अब कमजोर साबित होने लगे थे। ऐसे में मानसून का बेसब्री से इंतजार हो रहा था। मानसून ने शनिवार को आकर इस इंतजार को समाप्त कर दिया है। खास यह रहा कि मानसून के आगमन पर जैसा बिजली कडकने एवं बादलों के गडगडाहट की आवाज होती है वैसा कुछ इस बार नहीं देखा गया है। सामान्य रूप से ही बादल घिर आए और बरसे हैं।

**अव्यवस्था खुलकर सामने आई**





### अव्यवस्था एवं समस्या उभरी

मानसून के आते ही शहर में अव्यवस्था एवं समस्याएं उभरकर सामने आ गई। नालियों के जाम होने से शहर के विभिन्न हिस्सों में बारिश का पानी गंदगी के साथ सडकों पर फैल गया। नए शहर के फ्रीगंज क्षेत्र में ही कई जगह यह स्थिति देखी गई। यही हाल पुराने शहर के कंगाल पुरा क्षेत्र में भी रही सडकों पर आधा से एक फीट पानी भर गया था। चौडीकरण के क्षेत्रों में अव्यवस्था एवं समस्याओं ने मुंह फाड लिया था। कई क्षेत्रों में गंदगी एवं किचड की स्थिति भी उभर गई थी।

### फूहार से शुरूआत,जोरदार

धार्मिक शहर उज्जैन के दोनों भाग में मानसून के आगमन का समय भी अलग-अलग रहा है। पुराने शहर में दोपहर 12 बजे के लगभग करीब आधे घंटे से अधिक जोरदार बारिश दर्ज की गई थी। आगर रोड,मंगलनाथ,बियाबानी चौराहा सहित अधिकांश क्षेत्र में बारिश दर्ज की गई थी। इस दौरान नए शहर फ्रीगंज और कोठी क्षेत्र में पूरी तरह से मौसम साफ था। इसके करीब 3घंटे के अंतराल में एक साथ पूरे शहर पर बादल छाए और नए-पुराने दोनों हिस्सों को तरबतर कर दिया।

### मानसून की देरी से सब्जी की कमी

मानसून के देरी से आने से अब आम लोगों की रसोई प्रभावित हुई है। हरी सब्जियों की आवक में भारी कमी दर्ज की जा रही है, जिससे टमाटर, गिलकी, लौकी, पालक और बैंगन जैसी रोजमर्रा की सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ गए हैं। कई शहरों में सब्जियों की कीमतें पिछले कुछ दिनों में काफी ऊपर पहुंच गई हैं, जिससे घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।

### करंट फैला बकरा-बकरी मरे

बारिश के दौरान जूना सोमवारिया क्षेत्र के वार्ड 13 में मस्जिद के पास बिजली के खंभे में करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से आठ बकरों की मौत होने की जानकारी सामने आ रही है। इस मामले में लोगों का कहना था कि क्षेत्र में लगे डीपी को हटाने और विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए पहले भी कई बार अधिकारियों को शिकायतें दी गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### 3 इंच बारिश, तापमान में गिरावट

इधर बारिश के चलते तापमान में एक दम से गिरावट दर्ज की गई है। उमस भी गिरी है और गुलाबी हवा का दौर रहा है। दोपहर से लेकर देर रात तक करीब 3 इंच से अधिक बारिश मानसून के आगमन के साथ ही दर्ज की गई है। शासकीय जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डा. राजेन्द गुप्त के अनुसार शाम को वेधशाला में दिन भर की 59 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। शनिवार को न्यूनतम तापमान 25.8 एवं अधिकतम 35.0 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। आर्द्रता सुबह 80 एवं शाम को 95 प्रतिशत दर्ज की गई है। अब तक जून में कुल 73.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस दौरान सुबह 10 किलोमीटर एवं शाम को 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com